मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक
रांची, गुरुवार, 16 जनवरी 2025
संवत 2081, माघ कृष्ण 3- मूल्य 2 रुपये
वर्ष-8, अंक 131, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 ▶▶ भीषण आग से अमेरिका ही नहीं, दुनिया सबक ले
कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' को लगा झटका ◀◀ 6

# फिर से खुलेगा मंईयां सम्मान योजना का पोर्टल, बीडीओ-सीओ को मिलेगा लॉग-इन

● गड़बड़ी पाये के बाद मंईयां सम्मान योजना के लॉग इन को कर दिया गया था बंद ● सरकार ने प्रज्ञा केंद्रों के साथ रद्द कर दिया है करार

**संवाददाता**

**रांची:** हेमंत सोरेन सरकार की महत्वाकांक्षी मंईयां सम्मान योजना में गड़बड़ी होने के बाद से वो महिलाएं परेशान हैं, जिन्होंने अब तक इसके लिए आवेदन नहीं किया है। उन्हें समझ नहीं आ रहा कि वे आवेदन कहां करें। सरकार ने प्रज्ञा केंद्रों के साथ करार को रद्द कर दिया। इसलिए प्रज्ञा केंद्र (सीएससी) से अब मंईयां सम्मान योजना के लिए आवेदन नहीं कर सकते। गड़बड़ी सामने आने के बाद मंईयां सम्मान योजना के लिए अलग पोर्टल लांच किया गया है। सामाजिक सुरक्षा कोषांग झारखंड की नयी गाइडलाइन के अनुसार सीओ-बीडीओ को लॉग-इन दिया जाएगा। जब तक अधिकारियों को लॉग-इन आईडी नहीं दिया जा रहा, तब तक पुराने पोर्टल पर ही काम शुरू करने की तैयारी चल रही है।

**मईंया योजना के पोर्टल को खोलने की तैयारी:** मंईयां सम्मान योजना के पुराने पोर्टल को भी खोलने की तैयारी चल रही है, ताकि पुराने लाभुकों के आवेदन में हुई त्रुटियों को सुधारा जा सके। नए सिरे से महिलाएं आवेदन भी कर सकें। दरअसल, बड़ी संख्या में ऐसी महिलाएं हैं,




जिन्होंने मंईयां सम्मान योजना के तहत अपना पंजीकरण करा लिया है, लेकिन उनके बैंक अकाउंट में पैसे नहीं आ रहे हैं। इनके आवेदन में कुछ सामान्य त्रुटियां रह गईं होंगी, जिसकी वजह से पैसे उनको नहीं मिल पा रहे हैं।

**जिलों ने समाज कल्याण निदेशालय को नहीं दी रिपोर्ट:** सरकार चाहती है कि सभी लाभुकों को इस योजना का लाभ मिले। इसलिए पोर्टल को एक बार फिर से खोलने की तैयारी है। इस बीच, मंईयां सम्मान योजना में गड़बड़ी के बाद आवेदन की जांच रिपोर्ट समाज कल्याण निदेशालय ने सभी जिलों से मांगी है। किसी भी जिले ने अब तक निदेशालय को जांच रिपोर्ट नहीं दी है।

**अपात्र लाभुकों को चिह्नित करने का निदेशालय ने दिया था निर्देश :** समाज कल्याण निदेशालय ने जिलों से कहा था कि मंईयां सम्मान योजना के अपात्र लाभुकों को चिह्नित करें और उसकी रिपोर्ट भेजें। जिलों ने अब तक इसकी रिपोर्ट नहीं दी है। उधर, तैयारी है कि गड़बड़ी के सभी बिंदुओं की जांच और उस पर मंथन करने के बाद मंईयां सम्मान योजना के लिए एक नया पोर्टल लांच किया जाए।

**झारनेट पर लांच हुआ मंईयां सम्मान का नया पोर्टल:** प्रज्ञा केंद्र से करार खत्म करने के बाद झारनेट पर झारखंड सरकार ने मंईयां सम्मान योजना का अपना पोर्टल 11 जनवरी 2025 को लांच कर दिया है। पोर्टल सामाजिक सुरक्षा कोषांग ने लांच किया है। हालांकि, बीडीओ और सीओ को अब तक लॉग-इन नहीं दिया गया है।



## 15 महीने बाद गाजा में थमेगा युद्ध, इजरायल-हमास के बीच युद्धविराम पर समझौता

**दोहा:** कतर, मिस्त्र और अमेरिका के गहन मध्यस्थता प्रयासों के बाद इजरायल और हमास बंधकों के लिए गाजा युद्धविराम समझौते पर सहमत हो गए हैं। कतर के प्रधानमंत्री ने बुधवार को यह घोषणा की। कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जसीम अल थानी ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि गाजा में दो परस्पर विरोधी पक्ष बंधकों और कैदियों की अदला-बदली तथा स्थायी शांति की ओर लौटने के संबंध में एक समझौते पर पहुंच गए हैं, जिससे स्थाई युद्धविराम होगा।

उन्होंने कहा कि समझौते का कार्यान्वयन रविवार 19 जनवरी से शुरू होगा। समझौते के मुताबिक फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले हमास पहले चरण में छह सप्ताह की अवधि में 33 बंधकों को रिहा करेगा। समझौते के पहले चरण के पूरा होने के बाद दूसरे और तीसरे चरण का विवरण घोषित किया जाएगा।

श्री अल थानी ने समझौते के कार्यान्वयन की निगरानी करने और किसी भी संभावित उल्लंघन को संबोधित करने के लिए मिस्त्र और अमेरिका के साथ कतर की निरंतर प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि तीनों देशों की निगरानी टीमें समझौते का पालन सुनिश्चित करेंगी और स्थिरता बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाएंगी। उन्होंने टिप्पणी की, यह समझौता क्षेत्र में स्थायी शांति प्राप्त करने की दिशा में एक कदम है और हम इसकी सफलता सुनिश्चित करने के लिए सभी पक्षों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

# नगर निकाय चुनाव को लेकर झारखंड हाईकोर्ट का आदेश, चार महीने के अंदर शुरू करें प्रक्रिया

**मेट्रो रेज**

**रांची:** नगर निकाय चुनाव को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को चार माह के अंदर चुनाव कराने का निर्देश दिया है। आज 16 जनवरी को इस मामले की झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई, इस दौरान कोर्ट के आदेश पर राज्य के मुख्य सचिव भी सुनवाई के दौरान मौजूद रहे।

जस्टिस आनंद सेन की अदालत में सुनवाई के दौरान एक बार फिर सरकार की ओर से नगर निकाय चुनाव को लेकर चल रही तैयारियों की जानकारी दी गई। सरकार ने कोर्ट को ओबीसी आरक्षण को लेकर चल रहे ट्रिपल टेस्ट की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी। प्रार्थी रोशनी खलखो व अन्य की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए





कोर्ट ने सख्त निर्देश देते हुए चार माह के अंदर प्रक्रिया शुरू करने को कहा है।

दरअसल, पिछले दिनों इस मामले में दायर अवमानना मामले की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने सरकार की कार्यशैली पर नाराजगी जताई थी। प्रार्थी अरुण कुमार झा का कहना है कि कोर्ट ने चार माह के अंदर चुनाव कराने का आदेश देकर नगर निकाय चुनाव का रास्ता साफ कर दिया है। गौरतलब है कि इस मामले में रोशनी खलखो, अरुण कुमार झा, विनोद सिंह व सुनील यादव की ओर से झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है।

राज्य में नगर निकाय चुनाव करवाने के लिए ओबीसी आरक्षण पर ट्रिपल टेस्ट करवाने में सरकार लंबे समय से उलझी हुई है। हालांकि इस दिशा में कदम उठाए गए हैं और जिला स्तर से रिपोर्ट भी मांगी जा रही है, लेकिन कुछ जिलों से मिल रही शिकायतों के कारण सर्वे पर सवाल उठ रहे हैं। गौरतलब है कि प्रदेश में 9 नगर निगम, 19 नगर पंचायत और 21 नगर परिषद ऐसे हैं जहां लंबे समय से चुनाव लंबित हैं और यहां अधिकारियों के भरोसे काम चल रहा है।

# अभिनेता सैफ अली खान पर धारदार हथियार से हमला, घर में घुसकर शख्स ने मारा चाकू



● मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती घर में घुसे लुटेरे ने किए 6 वार

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर बुधवार देर रात उनके ही घर में चाकू से हमला किया गया। इसके बाद उन्हें मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बताया कि घटना आधी रात को अभिनेता के बांद्रा स्थित घर पर हुई। घटना की सूचना मिलने के बाद बांद्रा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

जानकारी के मुताबिक, एक अज्ञात शख्स सैफ के घर में घुसा। दोनों के बीच हाथापाई हुई। घटना के समय अभिनेता के कुछ पारिवार के अन्य सदस्य भी घर में मौजूद थे। कहा यह भी जा रहा है कि घर में घुसे शख्स की नौकरानी से बहस हुई। जब अभिनेता ने बीच-बचाव कर व्यक्ति को समझाने और शांत करने की कोशिश की, तो उसने सैफ अली खान पर हमला कर दिया। वहीं बांद्रा के डीसीपी ने कहा, ये सच है, रात 2 l30 बजे सैफ अली खान के घर में अनजान शख्स घुसा। इस दौरान सैफ अली खान पर चोर ने चाकू से हमला कर दिया। डीसीपी ने बताया कि इसके बाद उन्हें मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकि, ये चोटें उतनी गंभीर नहीं हैं। अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि उन्हें चाकू मारा गया है या वे हाथापाई में घायल हुए हैं। एएनआई के मुताबिक, यह झगड़ा अज्ञात शख्स और सैफ अली खान की मेड के बीच हो रहा था। चोरी के इरादे से घुसे इस शख्स से जब सैफ अली खान का सामना हुआ तो उसने उन्हें लहूलुहान कर दिया।

## नवी मुंबई में ऑटोमोबाइल कंपनी के गोदाम में लगी आग , छह वाहन जलकर खाक



**मुंबई:** महाराष्ट्र के नवी मुंबई शहर में बुधवार देर रात एक गोदाम में भीषण आग लग गई, जहां एक ऑटोमोबाइल कंपनी के वाहन और कलपुर्जे रखे हुए थे। ठाणे नगर निगम के अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आग में कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ, लेकिन छह चार-पहिया वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।

नगर निगम के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन तड़वी ने कहा कि एक व्यक्ति ने नवी मुंबई के दहिसर मोरी की नागांव ग्राम पंचायत में स्थित गोदाम में आग लगने की सूचना रात 12 बजकर 26 मिनट पर सूचना दी।

उन्होंने बताया कि सूचना मिलने के बाद, विभिन्न स्थानों से पुलिस और दमकल की टीमें मौके पर पहुंचीं। अधिकारी ने बताया कि दो घंटे के अभियान के बाद आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने का कारण अभी पता नहीं चल पाया है।

## छत्तीसगढ़ में आईईडी विस्फोट, दो जवान घायल

**बीजापुर:** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित इलाके बीजापुर में पुतकेल के जंगल में गुरुवार सुबह शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण में विस्फोट होने से दो जवान घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक, जवानों की टीम गश्त पर निकली थी। इसी दौरान दो जवान आईईडी की चपेट में आ गए। फिलहाल दोनों जवानों को कैंप लाया गया है। दोनों जवान खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं।

## इसरो ने रचा इतिहास, स्पेस में दोनों सैटेलाइट को जोड़ने में मिली सफलता

ऐसा करने वाला चौथा देश बना भारत



**बेंगलुरु :** इसरो ने अपने स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट के तहत सैटेलाइट को जोड़ने में सफलता हासिल कर ली है। स्पेस एजेंसी इस बारे में जानकारी दी है। इसरो ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसे ऐतिहासिक क्षण बताया। इसके साथ ही ऐसा करने वाला भारत दुनिया का चौथा देश बन गया है। इसके पहले 12 जनवरी को इसरो ने डॉकिंग के ट्रायल के दौरान दोनों सैटेलाइट को तीन मीटर से भी कम दूरी पर लाकर वापस सुरक्षित दूरी पर पहुंचा दिया था। आपको बता दें कि इसरो ने 30 दिसंबर 2024 को स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट लॉन्च किया था।

**श्रीहरिकोटा से हुई थी लॉन्चिंग:** पीएसएलवी सी60 रॉकेट के मदद से दो छोटा सैटेलाइट लॉन्च किया गया था। इसे श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से लॉन्च कर 475 किलोमीटर सर्कुलर ऑर्बिट में स्थापित कर दिया गया था।

इसरो के अनुसार, स्पाडेक्स मिशन पीएसएलवी द्वारा लॉन्च किए गए दो छोटे अंतरिक्ष यान का उपयोग करके अंतरिक्ष में डॉकिंग के प्रदर्शन के लिए एक कॉस्ट इफेक्टिव टेक्नोलॉजी मिशन है। अंतरिक्ष में, डॉकिंग तकनीक तब आवश्यक होती है, जब सामान्य मिशन के लिए कई रॉकेट लॉन्च की जरूरत होती है।

# न्यायमूर्ति कृष्णन विनोद चंद्रन बने सुप्रीम कोर्ट के नये जज

**नई दिल्ली:** न्यायमूर्ति कृष्णन विनोद चंद्रन ने गुरुवार को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश पद की शपथ ली। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने शीर्ष अदालत परिसर में आयोजित एक समारोह में उन्हें पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर शीर्ष अदालत के अन्य न्यायाधीशों, अनेक वरिष्ठ अधिवक्ताओं समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे। न्यायमूर्ति चंद्रन के शपथ ग्रहण के साथ ही शीर्ष अदालत की कुल निर्धारित 34 के मुकाबले न्यायाधीशों की संख्या 33 हो गई। न्यायमूर्ति चंद्रन इससे पहले मार्च 2023 से पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश थे।

केंद्र सरकार ने सोमवार (13 जनवरी) को एक अधिसूचना जारी कर शीर्ष अदालत में न्यायाधीश पद पर उनकी नियुक्ति से संबंधित घोषणा की थी। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय के न्याय विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, राष्ट्रपति ने न्यायमूर्ति चंद्रन को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया है। न्यायमूर्ति खन्ना की अध्यक्षता में न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति अभय एस ओका वाले कॉलेजियम ने सात जनवरी, 2025 को सर्वसम्मति से उन्हें शीर्ष अदालत के न्यायाधीश पद पर पदोन्नत करने की सिफारिश की थी। कॉलेजियम ने अपनी बैठक में सर्वोच्च न्यायालय में नियुक्ति के लिए पात्र उच्च





न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों और वरिष्ठ अवर न्यायाधीशों के नामों पर विचार-विमर्श के बाद न्यायमूर्ति चंद्रन का चुनाव किया। मूल तौर पर केरल उच्च न्यायालय से आने वाले न्यायमूर्ति चंद्रन ने 11 वर्षों से अधिक समय तक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश और एक वर्ष से अधिक समय तक एक बड़े उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्य किया है। न्यायमूर्ति चंद्रन के नाम की सिफारिश करते समय कॉलेजियम ने इस तथ्य को ध्यान में रखा है कि केरल उच्च न्यायालय से सर्वोच्च न्यायालय की पीठ में कोई प्रतिनिधित्व नहीं है। न्यायमूर्ति चंद्रन को आठ नवंबर 2011 को केरल उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था और 29 मार्च, 2023 को पटना में उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया था। कॉलेजियम की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक, उच्च न्यायालय के न्यायाधीश और मुख्य न्यायाधीश के रूप में अपने लंबे कार्यकाल के दौरान न्यायमूर्ति चंद्रन ने कानून के विविध क्षेत्रों में महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त किया है। वह उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की संयुक्त अखिल भारतीय वरिष्ठता में क्रम संख्या 13 पर हैं। केरल उच्च न्यायालय से आने वाले न्यायाधीशों की वरिष्ठता में वह पहले स्थान पर हैं। गौरतलब है कि केरल उच्च न्यायालय से मूल रूप से आने वाले न्यायमूर्ति सी टी रविकुमार शीर्ष अदालत से पांच जनवरी, 2025 को सेवानिवृत्त हुए।

## न्यूज़ ब्रीफ



### कोचो स्वर्णरेखा नदी तट पर चडकु मेला

**मुरीः** काफी पुराने समय से लगने वाला चडकु मेला हरिहर और कोचो मेला के नाम से जाना जाता है । आज बंगाल और झारखंड के सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण दोनों तरफ के ग्रामीण नदी में स्नान कर नदी के किनारे लगने वाले सभी मंदिरों में पूजा अर्चना करते हैं। यहां शनि, गणेश,राम सीता, हनुमान,शिव मंदिर है जहां आज मेले में आए ग्रामीण दर्शन कर मेला का आनंद लें रहे हैं।मेले का संचालन समीप के गांव सुन्डील और कोचो के नवयुवक होते हैं। नदी,प्लास के जंगल और कोचो पहाड़ के तीनों वातावरण होने के कारण मेला का रौनक देखने बनता है। यहां के मंच पर सभी राजनीतिक दल के नेता आते हैं और मेले की शुभकामनाएं देते हैं। मंच पर सभी द्वेष भाव भूल कर एक होते हैं। टुसू की जबर्दस्त प्रदर्शनी लगती है ।

### सड़क दुघर्टना में दो युवक घायल



**मुरीः** मुरी ओपी क्षेत्र के रांची पुरुलिया मुख्य मार्ग पर बुधवार को सड़क दुघर्टना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। जानकारी के अनुसार सिल्ली प्रखंड के गढ़गांव निवासी निवास महतो उम्र लगभग 25 वर्ष एवं अनिल महतो उम्र लगभग 25 वर्ष दोनों अपने बाइक से अपने घर जा रहे थे। अचानक बड़ा मुरी युनियन बैंक के समीप दो बाइक आपस में टकरा गये। जिसमें दोनों गंभीर रुप से घायल हो गया। गश्ती कर रही पुलिस द्वारा दोनों घायलों को सिल्ली सामुदायिक अस्पताल लाया गया। जहां दोनों का इलाज किया गया।

### 4 फरवरी को झामुमो मनाएगा 53वां स्थापना दिवस, पहली बार कल्पना सोरेन नयी पहचान के साथ आयेंगी नजर



**रांचीः** 4 फरवरी को झारखंड मुक्ति मोर्चा अपना 53वां स्थापना दिवस मनाएगा। स्थापना दिवस का कार्यक्रम 4 फरवरी को धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में आयोजित होगा। गोल्फ ग्राउंड में यह आयोजन दोपहर 2 बजे शुरू होगा और शाम 7 बजे तक चलेगा। कोरोना महामारी के बाद कार्यक्रम का समय बदलकर अब दिन में कर दिया गया है। पार्टी ने इस साल 25,000 से अधिक लोगों को जुटाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए एक आयोजन समिति का गठन किया गया है। कार्यक्रम में झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ कई मंत्री और वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। वहीं, इस खास मौके पर पहली बार गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन झामुमो के मंच पर नई पहचान के साथ नजर आएंगी। जानकारी के मुताबिक कार्यक्रम में पार्टी अध्यक्ष और झामुमो के संस्थापक शिबू सोरेन की अनुपस्थिति रहेगी। उनके स्वास्थ्य संबंधी कारणों के चलते कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना कम है। वहीं, बता दें कि झामुमो पार्टी की स्थापना 4 फरवरी 1973 को धनबाद के इसी गोल्फ ग्राउंड में शिबू सोरेन, बिनोद बिहारी महतो और एके राय द्वारा की गई थी।

### युवती ने की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

> घटना बुधवार दोपहर करीब 1:30 बजे की बताई जा रही है।
>
> मृतका के परिजनों के अनुसार, अस्मिना ने खुद को एक कमरे में बंद कर लिया था। काफी समय बीत जाने के बाद भी जब वह बाहर नहीं निकली, तो परिवारवालों को अनहोनी का शक हुआ। उन्होंने कमरे का दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद, परिवारवालों ने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया। वहां उन्होंने अस्मिना को दुपट्टे के सहारे फांसी पर लटका पाया।

**मांडरः** थाना क्षेत्र के करकरा गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। गांव की 19 वर्षीय अस्मिना परवीन ने बुधवार दोपहर अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अस्मिना, करकरा गांव के मुंसफ अंसारी की पत्नी थीं।

घटना बुधवार दोपहर करीब 1:30 बजे की बताई जा रही है।

मृतका के परिजनों के अनुसार, अस्मिना ने खुद को एक कमरे में बंद कर लिया था। काफी समय बीत जाने के बाद भी जब वह बाहर नहीं निकली, तो परिवारवालों को अनहोनी का शक हुआ। उन्होंने कमरे का दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद, परिवारवालों ने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया। वहां उन्होंने अस्मिना को दुपट्टे के सहारे फांसी पर लटका पाया। इस घटना से घर में कोहराम मच गया। परिजनों ने तुरंत इसकी सूचना मांडर थाने को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि घटना के कारणों की जांच की जा रही है। फिलहाल आत्महत्या के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है।

## जेपीएससी में गड़बड़ी मामला

# सीबीआई ने झारखंड हाईकोर्ट में चार्जशीट प्रस्तुत करने का मांगा समय, अगली सुनवाई 5 फरवरी को

संवाददता




**रांचीः** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस आर मुखोपाध्याय व जस्टिस एके राय की खंडपीठ में जेपीएससी प्रथम व द्वितीय परीक्षा में गड़बड़ी की सीबीआइ जांच जल्द पूरा करने की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से चार्जशीट कोर्ट में प्रस्तुत करने के लिए समय की मांग की गई। अदालत ने सीबीआई के आग्रह को स्वीकार कर लिया और मामले में अगली सुनवाई पांच फरवरी निर्धारित की है। इससे पहले सीबीआई की ओर से बताया गया कि इस मामले में जांच पूरी करते हुए 35 लोगों के खिलाफ निचली अदालत में चार्जशीट दाखिल कर दी गई है।

इसपर अदालत ने उक्त चार्जशीट को शपथ पत्र के माध्यम से कोर्ट में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल और प्रिंस कुमार सिंह ने पक्ष रखा।

अयोग्य अभ्यर्थियों को चयनित किया गया, कोर्ट में अपीलकर्ता की दलीलः इस संबंध में बुद्धदेव उरांव की ओर से हाई कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई है। याचिका में कहा गया है कि जेपीएससी प्रथम व द्वितीय परीक्षा में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गई है। इसकी सीबीआइ जांच हो रही है, लेकिन अभी तक जांच पूरी नहीं हो पाई है। जेपीएससी के अधिकारियों की मिलीभगत से अयोग्य अभ्यर्थियों को चयनित किया गया। सभी लोग अभी भी नौकरी कर रहे हैं। ऐसे में उन्हें उनके पद से हटाते हुए सीबीआइ जांच जल्द से जल्द पूरी की जाए। ओएमआर शीट गलत भरने वाले अभ्यर्थियों की याचिका खारिज : उधर, झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस आनंद सेन की कोर्ट में अधिक अंक होने के बाद भी जेपीएससी की पीटी परीक्षा में चयनित नहीं होने के खिलाफ दाखिल याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान जेपीएससी के जवाब पर सहमति जताते हुए अदालत ने प्रार्थी को राहत देने से इन्कार कर दिया। अदालत ने कहा कि ओएमआर शीट सही से भरना जरूरी है। ऐसे में जेपीएससी द्वारा प्रार्थी के उम्मीदवारी को रद करने का निर्णय सही है। इसके बाद कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी।

इस संबंध में प्रार्थी कृष्णानंद पांडे सहित अन्य की ओर से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। मामले की सुनवाई के दौरान जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता प्रिंस कुमार सिंह ने अदालत को बताया कि प्रार्थी ने ओएमआर शीट सही तरीके से नहीं भरा था। रोल नंबर सहित कुछ अनिवार्य कॉलम को भी सही से नहीं भरा गया था, इसलिए उनका पीटी परीक्षा में चयन नहीं हुआ है। उनकी ओर से हाई कोर्ट के पूर्व के आदेश को हवाला दिया गया। पूर्व में हाई कोर्ट ने कहा था कि परीक्षा के दौरान ओएमआर शीट सही तरीके भरना अनिवार्य है। ऐसा नहीं करने पर किसी को राहत नहीं दी जा सकती है। प्रार्थी की ओर से बताया गया कि जेपीएससी द्वारा पीटी परीक्षा का रिजल्ट और आंसर शीट जारी किया गया है। उसमें निर्धारित अंक से उनका प्राप्तांक अधिक है। लेकिन उनका चयन पीटी परीक्षा में नहीं किया गया है, जो गलत है।

# दो लाख का इनामी पीएलएफआई उग्रवादी कृष्णा यादव लोहरदगा से गिरफ्तार

## भाभी बोली- सरेंडर करने वाला था कृष्णा यादव

संवाददता



**रांची/ लोहरगदाः** रांची और लोहरदगा जिले के क्रशर मालिकों से लेवी वसूलने वाले पीएलएफआई (पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया) के एरिया कमांडर कृष्णा यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है है। उस पर 2 लाख रुपए का इनाम था। इस इनामी पीएलएफआई उग्रवादी को रांची पुलिस की टीम ने लोहरदगा जिले के कुडू स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया। कृष्णा यादव को उस वक्त गिरफ्तार किया गया, जब वह अपने घर पर मां और बच्चों से मिलने आया था। कृष्णा को सुल्तान उर्फ तूफान के नाम से भी जाना जाता है। कृष्णा यादव की भाभी ने दावा किया है कि उसका देवर बुधवार को लोहरदगा कोर्ट में सरेंडर करने वाला था। सरेंडर करने के लिए ही उसे बुलाया गया था, लेकिन मंगलवार की रात को पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। इधर, पुलिस ने कृष्णा यादव की गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं की है।

खलारी डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस ने कुडू में की छापेमारीः कृष्णा यादव के अपने घर कुडू आने की सूचना रांची पुलिस की तकनीकी शाखा की टीम को मिल गई थी। टीम ने कृष्णा यादव और उसकी पत्नी के मोबाइल को ट्रेस करते हुए इसका पता लगाया। फिर मंगलवार की देर रात रांची पुलिस की टीम उसके घर पहुंची। इस टीम में खलारी डीएसपी भी शामिल थे। उन्हीं के नेतृत्व में कुडू में कृष्णा यादव के घर छापेमारी की गई। छापेमारी में कृष्णा यादव पुलिस के हत्थे चञ.गया। पुलिस ने उसे वहीं गिरफ्तार कर लिया।

रात को 3 गाड़ियों में आयी पुलिस ने कृष्णा को किया गिरफ्तारः कृष्णा यादव की भाभी पूजा देवी ने कहा है कि कृष्णा यादव बुधवार को लोहरदगा न्यायालय में हथियार के साथ आत्मसमर्पण करने वाला था। इसी वजह से उसे कुडू बुलाया गया था। रात लगभग 11 बजे 3 गाड़ियों में पुलिस वाले घर पर पहुंचे और कृष्णा यादव को पकड़कर ले गयी।

एरिया कमांडर कृष्णा को संगठन ने बना दिया जोनल कमांडरः पुलिस के रिकॉर्ड के अनुसार, वर्तमान में वह संगठन में एरिया कमांडर था। हाल में ही उसे जोनल कमांडर बना दिया गया था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। उसके पास से एक कारबाईन और पिस्टल बरामद की गयी है। पुलिस उससे संगठन के सदस्यों और हथियार के बारे में पूछताछ कर रही है।

## राहुल सिंह गिरोह से जुड़े सात लोग गिरफ्तार, हथियार और कारतूस बरामद



**लातेहारः** झारखंड के कुख्यात राहुल सिंह गिरोह से कथित रूप से जुड़े सात लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने बुधवार को पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में बताया कि सूचना मिली थी कि कुख्यात अपराधकर्मी राहुल सिंह के कुछ साथी चिरो मोड़ के पास यात्री शेड में बैठे हैं। वहां राहुल सिंह के इशारे पर जान मारने की धमकी देकर रंगदारी वसूलने की योजना बना रहे हैं। इन अपराधियों ने 10 जनवरी को कुडू से उदयपुरा तक बन रहे फोरलेन सड़क निर्माण में रंगदारी की मांग को लेकर लटदाग पन्नाटांड़ के पास पीआरए कंस्ट्रक्शन फोर लेन के लकड़ी टाल के पास चल रहे निर्माण कार्य में फायरिंग की गयी थी। लेकिन उन्हें रंगदारी की राशि नहीं मिली थी। इसके बाद वे पुनः रंगदारी मांगने के लिए जमा हुए थे। गौरव ने बताया कि सूचना पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। टीम के द्वारा सटीक जगह पर छापामारी गई। छापामारी में कुल सात अपराधियों को गिरफ्तार किया गया जिसमें जगदीश सिंह, चिरो चंदवा, बबलू सिंह रूद चंदवा, मनोज सिंह रूद मूर्तिया चंदवा, रॉकी कुमार साव, रखात चंदवा, दीपक कुमार सिंह चेतर चंदवा, अशोक लोहरा चेटर चंदवा व गणेश यादव रखात चंदवा का नाम शामिल है। पुलिस ने इनके पास से 7।65एमएम का एक देशी पिस्टल, कुछ कारतूस, पांच मोबाइल एवं एक मोटरसाइकिल बरामद किया है। छापामारी में एसडीपीओ अरविंद कुमार, पुनि सह चंदवा थाना प्रभारी रणधीर कुमार, पुअनि श्रवण कुमार, सअनि सरोज कुमार सिंह व कुमार छत्रपाल तथा सशस्त्र बल सैट-44 चंदवा थाना के जवान शामिल थे।

# गांधीनगर अस्पताल, सीसीएल में हृदय रोग संबंधी निःशुल्क चिकित्सीय शिविर 24 को

## यशोदा अस्पताल, हैदराबाद के सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. प्रमोद कुचलाकान्ति देंगे सेवा



**रांचीः** सीसीएल के केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर, काँके रोड, रांची में 24 जनवरी दिन बृहस्पतवार को प्रातः 9 बजे से निःशुल्क हृदय रोग संबंधी चिकित्सीय शिविर (कार्डियक क्लिनिक) का आयोजन किया जा रहा है। इस चिकित्सीय शिविर में यशोदा अस्पताल, हैदराबाद के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ। प्रमोद कुचलाकान्ति (सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट) हृदय रोग से ग्रसित मरीजों का जाँच करेंगे एवं चिकित्सीय सलाह देंगे।

हृदय रोग से ग्रसित सभी मरीज इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठा सकते हैं। मरीज के पास यदि पुराने ईलाज की रिर्पोट/जाँच के पेपर हों तो उसे अवश्य अपने साथ लाये।

सीएमडी, सीसीएल, निलेन्दु कुमार सिंह के मार्गनिर्देशन में सीसीएल ने अपने कर्मियों के साथ-साथ समाज के हर वर्ग के लिए चिकित्सा सेवा मुहैया कराने के लिए कृतसंकल्पित है। इसके लिए सीसीएल द्वारा नियमित तौर पर देश के ख्याति प्राप्त विशेषज्ञ चिकित्सकों को आमंत्रित कर विभिन्न बीमारियों से संबंधित स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है। शिविर का उद्देश्य है कि जरूरतमंद परिवारों को गंभीर बीमारी के अत्याधुनिक इलाज की सुविधा उनके घर के निकट ही प्राप्त हो सके तथा इससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सके।

# पलामू, दलमा, पारसनाथ और हजारीबाग में जल्दी बनेगी जंगल सफारी

## 800 करोड़ खर्च कर किए जाएंगे तैयार




**रांचीः** झारखंड सरकार प्रदेश के चार जिलों में जंगल सफारी बनाएगी जिससे राज्य में पर्यटन को एक नई उड़ान मिलेगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर पर्यटन विभाग की ओर से प्रस्ताव तैयार किया गया है। पलामू, दलमा, पारसनाथ और हजारीबाग में जू सफारी बनाने की योजना बनाई।

बता दें कि प्रत्येक जू सफारी में कुल 200 करोड़ रुपए का खर्च आएगा और कुल खर्च 800 करोड़ रुपए का अनुमान है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में पर्यटन विभाग की ओर से इस राशि का प्रावधान किया जाएगा। गौरतलब है कि पलामू स्थित बेतला नेशनल पार्क राज्य का इकलौता टाइगर रिजर्व है। यहां पर्यटक विशेष तौर पर बाघ देखते आते हैं। वहीं पारसनाथ वन्यजीव अभयारण्य में तेंदुआ, सांभर, भौंकने वाले हिरण, लकड़बग्घा, जंगली सूअर, नेवला, जंगली बिल्ली और साही जैसे जानवरों का आवास स्थान है, इधर दलमा वन्यजीव में हाथियों का बसेरा है जबकि हजारीबाग वन्यजीव अभयारण्य में सांभर, चीतल, नीलगाय, भालू और लकड़बग्घा जैसे जीवों का ठिकाना है।

# आजसू पार्टी ने 6 सदस्यीय समिति का किया गठन, मधुबन में घटित घटना की लेगी जानकारी




**रांचीः** झारखंड में पिछले 9 जनवरी को धनबाद जिला अंतर्गत मधुबन में घटित घटना की जानकारी के लिए आजसू पार्टी ने 6 सदस्यीय समिति का गठन किया है। आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ। देवशरण भगत ने बताया कि इस समिति का गठन केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के निदेर्शानुसार किया गया है।

डॉ। देवशरण भगत ने बताया कि यह समिति घटना में प्रभावित परिवारों से मिल कर घटना की पूर्ण जानकारी लेगी तत्पश्चात प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों से मिलकर अभी तक हुई कार्रवाई के बारे में जानकारी भी प्राप्त करेगी। यह समिति 15 जनवरी यानी कल दिन बुधवार को धनबाद जाएगी तथा विस्तृत रिपोर्ट केंद्रीय नेतृत्व को सौंपेगी। समिति में मांडू विधायक निर्मल महतो, पूर्व विधायक लंबोदर महतो, पूर्व न्यायाधीश पंकज श्रीवास्तव, पूर्व पुलिस महानिदेशक सुबोध प्रसाद, राजेंद्र मेहता और राधेश्याम गोस्वामी को शामिल किया गया है।

9 जनवरी 2025 को धनबाद जिले के मधुबन (धर्मा बांध ओपी) के बाबूडीह गांव में हिलटॉप आउटसोर्सिंग के सीमांकन के दौरान वर्चस्व स्थापित करने के लिए दो गुटों में हिंसक झड़प हुई। हिंसक झड़प में आजसू पार्टी के कार्यालय को जला दिया गया। इस घटना में उपद्रवियों/असामाजिक तत्वों के हमले में बाघमारा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) पुरुषोत्तम कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना के दौरान लापरवाही बरतने के आरोप में मधुबन के थाना प्रभारी पिकु प्रसाद और धमाबांध ओपी के प्रभारी कमलेश कुमार को निलंबित कर दिया गया है।धनबाद पुलिस ने बताया है कि मधुबन हिंसा मामले में 17 लोगों को हिरासत में लिया गया था। इनमें 6 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# बफीर्ली हवाओं ने बढ़ाई ठंड, अभी और गिरेगा पारा

## कंपकंपा रही ठंड के बीच आईएमडी ने घने कोहरे का अलर्ट किया जारी

मेट्रो रेज

**रांची:** पहाड़ी प्रदेशों से आ रही बफीर्ली हवाओं से झारखंड में अभी ठंड से राहत मिलने की उम्मीद नही है। मौसम विभाग के अनुसार एक के बाद एक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से राज्य में लोगों को अभी ठंड से राहत नहीं मिलेगी। वहीं तापमान में और गिरावट आने की संभावना है।

**इन जिलों में घना कोहरे का अलर्ट:** मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार गुरुवार को झारखंड के अधिकांश हिस्सों में सुबह-शाम कोहरा छाया रहेगा। आज



खासतौर पर गढ़वा, साहिबगंज, गुमला, कोडरमा, पाकुड़, चतरा, हजारीबाग व पलामू यहां पर सुबह में जबरदस्त घना कोहरा देखा जाएगा। कोहरा छंटने के बाद आसमान में आंशिक बादल छाए रहेंगे। साथ ही रांची और आसपास के इलाकों का तापमान 12 डिग्री से 24 डिग्री के बीच रहने की संभावना है।

**हजारीबाग रहा सबसे ठंड:** पिछले 24 घंटे में राज्य का सबसे कम तापमान हजारीबाग में 7.7 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जबकि राज्य का अधिकतम तापमान पश्चिमी सिंहभूम के चाईबासा में 27.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। गुमला में 7.9 डिग्री दर्ज किया गया। इसके अलावा, जमशेदपुर में तापमान 12.6 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि डाल्टनगंज में 12 डिग्री दर्ज तो खूंटी में 9.8 डिग्री दर्ज किया गया।

# रिम्स के ई-हॉस्पिटल को नेक्स्टजेन में किया जायेगा अपग्रेड ,मरीजों को मिलेगी दवाओं की कंप्यूटराइज्ड पर्ची

**रांची:** रिम्स में आनेवाले मरीजों को अब निजी अस्पतालों की तरह दवाओं की कंप्यूटराइज्ड पर्ची मिलेगी। इसके लिए रिम्स के ई-हॉस्पिटल को नेक्स्टजेन में अपग्रेड किया जायेगा। यह प्रक्रिया 17 जनवरी को पूरी की जायेगी। इस दिन रजिस्ट्रेशन व कैश काउंटर (बिलिंग) की ऑनलाइन सेवाएं बाधित रहेंगी। हालांकि, मरीजों को परेशानी नहीं हो, इसके लिए नये सर्वर से रजिस्ट्रेशन और कैश काउंटर की सेवाएं मुहैया कराने का प्रयास किया जायेगा।

**पर्ची में दवाएं कैपिटोल लेटर में लिखी हुई भी मिलेंगी :** बता दें कि नेक्स्टजेन की सेवा शुरू होने से कंप्यूटराइज्ड दवाओं की पर्ची के अलावा मरीजों की करायी गयी सभी प्रकार की जांच का ब्योरा भी डॉक्टर के कंप्यूटर पर उपलब्ध



होगा। इससे डॉक्टरों को परामर्श देने में सुविधा होगी। वहीं, पर्ची में दवाएं कैपिटोल लेटर में लिखी हुई भी मिलेंगी, इससे भी मरीजों को दवा लेने में दिक्कत नहीं होगी। इसके अलावा भविष्य में जब कभी मरीज ओपीडी में परामर्श लेने आयेंगे या भर्ती होंगे, इसके लिए दोबारा पूरी जानकारी नहीं देनी होगी। मोबाइल नंबर डालते ही मरीज का पूरा ब्योरा उपलब्ध हो जायेगा।

**डॉक्टरों को मिलेगी दवाओं की सूची :** कंप्यूटर में रिम्स की जनऔषधि व अमृत फामेर्सी की सस्ती दवा और सर्जिकल आइटम का पूरा ब्योरा भी होगा। इससे डॉक्टर सस्ती दवाएं चुनकर मरीजों को परामर्श दे पायेंगे। इसके अलावा वार्ड में भी कंप्यूटर उपलब्ध कराया जायेगा, जिसमें भर्ती मरीजों का पूरा ब्योरा होगा। कौन-कौन सी दवाएं चल रही हैं और कौन सी जांच कर ली गयी है, इसकी जानकारी भी मिलेगी।

**डॉक्टरों के लिए 350 कंप्यूटर का दिया गया ऑर्डर :** डॉक्टरों को इस नयी सुविधा से जोड़ने के लिए 350 कंप्यूटर का आर्डर दिया गया है। विभागाध्यक्षों और यूनिट इंचार्ज से कंप्यूटर की उपयोगिता की जानकारी ली गयी है। वहीं, वार्ड के लिए भी कितने कंप्यूटर की जरूरत है, इसकी जानकारी लेकर कंप्यूटर का ऑर्डर दिया गया है।

# 300 दरोगा का इंस्पेक्टर रैंक में होगा प्रमोशन, आठ सप्ताह का प्रशिक्षण अनिवार्य

**रांची:** झारखंड पुलिस के 300 दरोगा स्तर के पदाधिकारियों को जल्द ही इंस्पेक्टर रैंक में प्रमोशन दिया जायेगा। राज्य मुख्यालय ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। जिसके तहत इन दरोगाओं को प्रमोशन से पहले 8 सप्ताह का अनिवार्य ट्रेनिंग प्राप्त करना होगा।

आदेश के अनुसार, सभी जिलों और इकाइयों के दरोगाओं को 19 जनवरी 2025 को झारखंड पुलिस अकादमी, हजारीबाग में रिपोर्ट करना होगा, जहां वे इंस्पेक्टर रैंक में प्रमोशन के लिए आवश्यक ट्रेनिंग प्राप्त करेंगे। इस ट्रेनिंग कार्यक्रम का उद्देश्य झारखंड पुलिस के अधिकारियों को उनके नए दायित्वों के लिए बेहतर तरीके से तैयार करना है, ताकि वे कानून-व्यवस्था बनाए रखने में और अधिक सक्षम हो सकें।

एसपी को दिए गए निर्देशः आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि जिन दरोगाओं का स्थानांतरण हो चुका है, उन्हें अपने नियंत्री पदाधिकारी के माध्यम से ट्रेनिंग निदेशालय को सूचना देनी होगी ताकि वे ट्रेनिंग में शामिल हो सकें। राज्य के सभी एसपी, इकाई प्रमुख और अकादमी प्राचार्यों को यह निर्देश दिया गया है कि ट्रेनिंग में शामिल होने वाले सभी दरोगा समय पर रिपोर्ट करें और ट्रेनिंग कार्यक्रम बिना किसी रुकावट के पूरा हो।

# झारखंड में गौरव संविधान यात्रा शुरू, पीएम मोदी के संविधान पर दिए भाषण को जनता तक पहुंचाएगी भाजपा

**रांची:** झारखंड भाजपा ने संविधान गौरव यात्रा की शुरूआत की। संविधान गौरव यात्रा का शुभारंभ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पुराना हाइकोर्ट स्थित डोरंडा के बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। यह गौरव यात्रा 25 जनवरी तक चलाए जाने का निर्णय लिया गया है। इस अभियान के तहत कार्यकर्ता प्रधानमंत्री मोदी के संविधान पर भाषण को आम जनता तक पहुंचाएंगे।




इसके तहत कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संविधान की 75वीं गौरवशाली यात्रा पर संसद में दिए गए, प्रेरणादायी भाषण को आम जनता तक पहुंचाएंगे। इस दौरान कई तरह के कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस द्वारा संविधान गौरव अभियान की आलोचना किए जाने की निंदा करते हुए कहा है कि उन्हें कोई नैतिक अधिकार नहीं है, क्योंकि कांग्रेस ने बाबा साहब को अपमानित करने का काम किया है। बाबा साहब के मरणोपरांत उन्हें दो गज जमीन अंत्येष्टि के लिए कांग्रेस ने नहीं दी। जिन्होंने बाबा साहब को भारत रत्न देने का काम नहीं किया और दो-दो बार उन्हें हराने का षड्यंत्र रचा। उस कांग्रेस को बाबा साहब को लेकर बोलने का कोई अधिकार नहीं है।

मरांडी ने कहा कि बाबा साहब को मंत्रिमंडल से बाहर होने के लिए मजबूर करने वाली कांग्रेस ने 90 से अधिक बार आपातकाल और राष्ट्रपति शासन लगाकर संविधान की धज्जियां उड़ाईं और बाबा साहब को बार-बार अपमानित करने का काम किया है।

## तनाव कम करने में मदद करता है संगीतः रिंकू भकत



**रांची:** लालपुर स्थित सिटी पैलेस होटल में हामोर्नी इवेंट एंड स्कूल ऑफ म्यूजिक (आर्किड हॉस्पिटल के निकट,संत अन्ना स्कूल रोड,बीके सहाय कंपाउंड) का शुभ उद्घाटन मुख्यअतिथि मिसेज एशिया रिंकू भकत एवं चाइल्ड वेलफेयर कमिटी के चेयरपर्सन तनुश्री सरकार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर विशिष्ठ अतिथि के रूप मे आईफा के डायरेक्टर साबिर हुसैन,मूवी कलाकार पप्पू खान,सेराज अहमद,छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा,मेरी आवाज मेरी पहचान के कुमार गहलोत,कविता होरो,देवेश खान,आनंद जालान,किशन अग्रवाल,बुलंद अख्तर,परवेज आलम,गुलजार,मेदांता के विकाश कुमार,शिवा लिंगम मानव सेवा संस्थान के संस्थापक दीपक कुमार साहू,विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच के मुख्य संयोजक संतोष कुमार श्रेयांश,समाजसेवी विजय राजगड़िया,राजीव रंजन मिश्रा, संतोष कुमार,कॉसमोस क्लब के देवाशीष राय,आई।पी।जी।सी।के राशिद हुसैन एवं स्वयंसेवी संस्था के फैसल हुसैन,मनीष कुमार,सौरव प्रसाद,प्रभात रंजन, आदि मौजूद थे। विद्यालय उद्घाटन के पश्चात आठ भाषाओं के सिंगर सकक्षम तिवारी,कान्हा तिवारी,सारेगमप टॉप आठ मे पहुंचा होनहार सिंगर आदर्श गुप्ता,सभी इंस्ट्रूमेंट वादक नैतिक कुमार झा, म्यूजिक कंपोजर एवं गिटार वादक शौर्य सिंगल जिन्होंने अनेकों अवार्ड प्राप्त कर चुका है।

# स्वास्थ्य सेवा सुदृढ़ करने को लेकर मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने पूर्व जनप्रतिनिधियों से मांगा सुझाव

**रांचीः** झारखण्ड सरकार में स्वास्थ्य मंत्री डॉ। इरफान अंसारी ने राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से झारखण्ड के सभी सांसदों, विधायकों और मंत्रियों से आगामी बजट सत्र से पूर्व सुझाव एवं परामर्श आमंत्रित किए हैं।

डॉ. अंसारी ने सभी जनप्रतिनिधियों को कहा कि झारखण्ड राज्य का आगामी वित्तीय बजट सत्र शीघ्र प्रारंभ होने जा रहा है, जिसमें स्वास्थ्य विभाग का बजट भी विधानसभा के पटल पर प्रस्तुत किया जाएगा। इस क्रम



में उन्होंने आग्रह किया कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए सभी जनप्रतिनिधि अपने बहुमूल्य सुझाव साझा करें, ताकि बजट में उन सुझावों का यथासंभव समावेश कर राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके।

डॉ. अंसारी ने कहा कि एक चिकित्सक होने के नाते वे स्वास्थ्य व्यवस्था की चुनौतियों और आवश्यकताओं को भली-भांति समझते हैं। उनका मानना है कि स्वास्थ्य क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक है। उनके नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक तकनीक और बुनियादी ढांचे से सुसज्जित करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। मंत्री डॉ। अंसारी का यह पहल दशार्ता है कि वे स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर गंभीर और संवेदनशील हैं। उनका यह कदम झारखण्ड की स्वास्थ्य सेवाओं में व्यापक सुधार की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। आने वाले समय में राज्य की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने में यह प्रयास निर्णायक साबित होंगे।



## निपु सिंह साईं मंदिर की पालकी यात्रा और हवन में हुए शामिल

**रांची:** राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड अगेंस्ट करप्शन केंद्रीय संगठन मंत्री निपु सिंह ने गुरुवार सुबह कांठीटांड स्थित साईं मंदिर के 11वें स्थापना दिवस पर आरती, हवन, कथा और पालकी यात्रा में शामिल हुए ।

इस मौके पर श्री सिंह ने कहा कि आज स्थापना दिवस पर हजारों से अधिक संख्या में श्रद्धालु आए हुए थे और सभी ने सांई बाबा का दर्शन किए और आरती हवन और पालकी यात्रा में भाग लिए और प्रसाद ग्रहण की और उन्होंने कहा कि यह मंदिर में और कई भगवानों की मूर्ति लगेगी जिससे श्रद्धालु को पूजा करने में और अधिक खुशी मिलेगी और श्रद्धालु कई भगवानों को एक साथ दर्शन कर सकते हैं और भगवान से अपना मन्नत मांग सकते हैं ।

## संत मरिया महागिरजाघर रांची से जुबली क्रूस के साथ निकाली गयी शोभायात्रा

**रांचीः** रांची महाधर्मप्रांत की पत्थलकुदवा यूनिट में जुबली क्रूस की शोभायात्रा निकाली गयी। जुबली क्रूस को संत मरिया महागिरजाघर से वाहन द्वारा पत्थलकुदवा चौक लाया गया। चौक में क्रूस का स्वागत और वंदना किया गया, जहां से विश्वासियों ने उसे शोभायात्रा की शक्ल में पत्थलकुदवा के विभिन्न मार्गों से होकर कम्युनिटी हॉल तक पहुंचाया। शोभायात्रा के मार्ग में क्रूस की विनती और गीत गाये गये।

### हिमाचल प्रदेश मत्स्य निदेशालय के पदाधिकारी तीन दिवसीय दौरे पर पहुंचे रांची

# झारखंड के मत्स्य कृषकों को आधुनिकतम व वैज्ञानिक तरीके से मत्स्य पालन करने की दी सलाह



मेट्रो रेज

**रांचीः** हिमाचल प्रदेश के निदेशक (मत्स्य) विवेक चंदेल (भाप्रसे) तथा विवेक शर्मा, सहायक मत्स्य निदेशक, ऊना झारखंड दौरे पर रांची पहुंचे। झारखंड में संचालित कल्याणकारी योजनाओं, विशेष रूप से केज कल्चर, बायोफ्लॉक कल्चर, आरएएस कल्चर, रंगीन मछलीपालन, मोती पालन आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त करने हेतु तीन दिनों का झारखंड भ्रमण कार्यक्रम है।

इस क्रम में सबसे पहले अधिकारियों ने धुर्वा के शालीमार स्थित मत्स्य किसान प्रशिक्षण केंद्र के साथ-साथ फिश फीड मील का भ्रमण किया।

इस मौके पर किसानों को संबोधित करते हुए निदेशक मत्स्य ने कहा कि मछली पालन स्वरोजगार का एक उत्तम साधन है। हिमाचल के भौगोलिक बनावट के कारण, तीन प्रकार से मत्स्य पालन किया जा रहा है। हिमाचल के ऊपरी पहाड़ी क्षेत्रों में ट्राउट मछली का पालन, बीच के पहाड़ी क्षेत्रों में महाशीर मछली का पालन तथा तलहटी क्षेत्रों में भारतीय मुख्य कार्प का पालन किया जा रहा है। किसानों को आगे बढ़कर वैज्ञानिक तरीके से मछली पालन करने का आह्वान किया। उसके बाद पीपरटोली, अरगोड़ा में रंगीन मछली पालन के समूह द्वारा रेखा टोप्पो के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश के निदेशक मत्स्य विवेक चंदेल, विवेक शर्मा, सहायक मत्स्य निदेशक जिला-उना, जयंत रंजन, जिला मत्स्य पदाधिकारी रांची, प्रशांत कुमार दीपक का स्वागत किया गया। इसके बाद नगड़ी स्थित आयूष खेमका के मत्स्य प्रक्षेत्र का भ्रमण किया गया जहां आर ए एस और बायोफ्लौक पाउंड में मछलीपालन को देख कर काफी प्रभावित हुए। इसके बाद किंग फिशरीज ग्रुप के संचालक निशांत कुमार के यहां बायोफ्लाक टैंक में पाबदा, जपानी कोय मछली, तिलापिया मछलीपालन को देखा। अंत में कांके डैम के आरएफएफ में मछली पालन का अवलोकन किया। अतिथियों का स्वागत डॉ। एचएन द्विवेदी, निदेशक (मत्स्य) झारखंड रांची तथा शंभू प्रसाद यादव, उप मत्स्य निदेशक-सह-प्रबंध निदेशक झास्कोफिश द्वारा किया गया।

## रंगीन मछली पालन से जुड़ी महिलाओं ने पदाधिकारियों का किया स्वागत

### निदेशक मत्स्य ने किया आर्नामेंटल फिश कल्चर का अवलोकन




**रांचीः** प्रगतिशील महिला मत्स्य कृषक रेखा टोप्पो के नेतृत्व में रंगीन मछली पालन समूह, पीपरटोली (अरगोड़ा) की 25 प्रगतिशील महिलाओं द्वारा रंगीन मछली पालन किया जा रहा है।

निदेशक मत्स्य, (हिमाचल प्रदेश) विवेक चंदेल व सहायक मत्स्य निदेशक विवेक शर्मा ने महिलाओं द्वारा किए जा रहे रंगीन मछली पालन का अवलोकन किया। मौके पर महिला मत्स्य कृषकों ने उक्त अधिकारियों का स्वागत किया।

निदेशक, मत्स्य, हिमाचल प्रदेश विवेक चंदेल एवं सहायक मत्स्य निदेशक, हिमाचल प्रदेश विवेक शर्मा, जिला मत्स्य पदाधिकारी, रांची जयंत रंजन एवं मुख्य अनुदेशक, मत्स्य किसान प्रशिक्षण केन्द्र, रांची प्रशांत कुमार दीपक द्वारा पीपरटोली में सामुहिक रूप से आर्नामेंटल फिश कल्चर का अवलोकन किया गया। मत्स्य विभाग द्वारा रंगीन मछली पालन प्रशिक्षण एवं प्रजनन तथा मत्स्य विपणन योजना अंतर्गत क्रियान्वित कार्यों के बारे में विस्तार से बताया गया। मत्स्य विपणन योजना अंतर्गत एक्वेरियम शॉप की लाभुक सुमन तिर्की के एक्वेरियम शॉप का भी निरीक्षण किया गया। मत्स्य निदेशालय अंतर्गत लाभुक जनित योजनाओं को अपने राज्य हिमाचल प्रदेश में भी अपनाने का मन बनाया गया।

कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी

आम सूचना

स्पेशल लोक अदालत संबंधित आवश्यक सूचना

दिनांक 22–02–2025

स्थानः– व्यवहार न्यायालय परिसर, खूंटी निःशुल्क, सुलभ एवं शीघ्र न्याय के लिए

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रॉची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी के द्वारा व्यवहार न्यायालय, खूंटी के प्रागंण में दिनांक 22–02–2025 को समय 11:00 बजे पूर्वाहन से कार्य समाप्ति तक स्पेशल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। उक्त अवसर पर निम्नलिखित मामलों की निपटारा सुलह–समझौता के आधार पर समाप्त किया जाएगा।

| | |
|---|---|
| NI Act Cases | चेक बाउन्स से संबंधित मामले |
| Matrimonial Cases | परिवारिक विवाद से संबंधित मामले |

इस संबंध में किसी प्रकार की विस्तृत जानकारी हेतु आप किसी भी कार्य दिवस को 11:00 बजे पूर्वाहन से 04:00 बजे अपराहन तक व्यवहार न्यायालय, खूंटी में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी के कार्यालय में आकर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी अथवा उनके दूरभाष सं0 8789697778 पर सम्पर्क कर सकते हैं। इस संबंध में प्री लोक अदालत सीटींग दिनांक 06–01–2025 से 21–02–2025 तक, संबंधित न्यायालय में आयोजित किया जाएगा।

पुलिस अधीक्षक,खूंटी–सह सदस्य जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी

उपायुक्त,खूंटी–सह उपाध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह–अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी

निवेदक
श्रीमति राजश्री अपर्ना कुजूर सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकार
खूंटी

PR 344334 Law(24-25)D

## सुविचार

**एक सफल व्यक्ति बनने की कोशिश मत करो, बल्कि मूल्यों पर चलने वाले व्यक्ति बनो**

## भारत-बांग्लादेश के बीच बाड़बंदी बन रहा नया मुद्दा

**सीमा पर** बाड़ लगाने के मसले को बांग्लादेश ने जिस तरह भारत के साथ दोस्ताना रिश्तों से जोड़ा है, उससे साफ है कि मामला सिर्फ उतना ही नहीं है, जितना दिख रहा है। बात यह नहीं कि बाड़ लगाने से दोनों पक्षों में तनाव और अविश्वास बढ़ रहा है, असलियत यह है कि रिश्तों में अविश्वास बढ़ने की वजह से बाड़बंदी को मुद्दा बनाया जा रहा है। इस बात की पुष्टि तब होती है जब बाड़बंदी से जुड़े ताजा विवाद को हम समग्रता में देखने का प्रयास करते हैं। रविवार को बांग्लादेश के विदेश सचिव ने भारतीय हाई कमिश्नर से मुलाकात में आरोप लगाया कि भारत 5 जगहों पर बाड़ लगाकर द्विपक्षीय संबंधों का उल्लंघन कर रहा है। तथ्य यह है कि सीमा सुरक्षा के लिहाज से बाड़ लगाने पर दोनों देशों में पहले से सहमति बनी हुई है। जहां भी बाड़ लगाने की प्रक्रिया शुरू की गई है, उसके बारे में बीएसएफ की बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के साथ न केवल बातचीत हो चुकी है बल्कि उनमें सहमति भी बन चुकी है। बांग्लादेश के रुख में अचानक आए इस बदलाव की जड़ में है वहां हुआ सत्ता परिवर्तन। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के भागकर भारत आने के बाद से वहां बनी सरकार पुराने तय हो चुके मसलों पर भी सवाल उठा रही है। बाड़बंदी को लेकर दोनों पक्षों में हुए समझौतों पर सवाल उठाना भी इसी का एक उदाहरण है। अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर भी उसका यही राग बरकरार है कि वे घटनाएं बढ़ा-चढ़ाकर पेश की जा रही हैं। हालांकि जब इन घटनाओं को छुपाना या उनका खंडन करना संभव नहीं रह गया तो अब नई व्याख्या यह दी गई है कि उन घटनाओं का स्वरूप सांप्रदायिक नहीं, राजनीतिक है। खासकर बांग्लादेश की नई सरकार ने पाकिस्तान के साथ करीबी दिखाते हुए पाकिस्तानियों को वहां आसानी से प्रवेश देने की जो नीति अपनाई है उससे यह आशंका बढ़ गई है कि आतंकी तत्व बांग्लादेश के रास्ते भारत आ सकते हैं। जाहिर है, भारत अपनी सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में किसी तरह की ढिलाई नहीं बरत सकता। बांग्लादेश को समझना होगा कि दोस्ताना रिश्तों का भविष्य बातचीत के जरिए आपसी समझदारी बढ़ाने में है, अलग-अलग मुद्दों पर तनाव बढ़ाने में नहीं।

## आपराधिक लापरवाही जिम्मेदारी समझें जकरबर्ग

**फेसबुक** की ओनर कंपनी मेटा के सीईओ मार्क जकरबर्ग एक बार फिर गलतबयानी के मामले में फंस गए हैं। संसद की आईटी एंड कम्युनिकेशन मामलों की स्टैंडिंग कमिटी उन्हें समन करने वाली है। फेसबुक और मेटा पहले भी तथ्यों के साथ छेड़छाड़ और फेकन्यूज को लेकर ढिलाई जैसे आरोपों में घिरती रही हैं।

**क्या है मकसद :** यह वाकई हैरत की बात है कि जकरबर्ग ने भारत को भी उन देशों में शामिल कर लिया जहां पिछले साल चुनाव में सरकारों ने सत्ता गंवाई। तथ्य यह है कि बीजेपी की सीटें भले कम हुई हों, लेकिन सत्तारूढ़ गठबंधन ठऊअ ने बहुमत हासिल कर सरकार में वापसी की। परिणामस्वरूप नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने और उनकी सरकार चल रही है। इस तथ्य से जकरबर्ग कैसे अनजान हो सकते हैं? क्या वह जानबूझकर भारत सरकार के बारे में गलत सूचनाएं फैला रहे हैं?

**विश्वसनीयता का सवाल :** जकरबर्ग ने अभी हाल ही में मेटा की कंटेंट मैनेजमेंट पॉलिसी में बड़े बदलाव की घोषणा की है। अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर लाए जा रहे इन बदलावों के तहत मेटा थर्ड पार्टी फैक्ट चेकिंग का सिस्टम समाप्त करने वाली है। उसकी इस घोषणा को भी अमेरिका में हो रहे सत्ता परिवर्तन से जोड़कर देखा जा रहा है। कहा जा रहा है कि यह ट्रंप समर्थकों को खुश करने की कोशिश है जो फ्री स्पीच के नाम पर फैक्ट चेकिंग की इस व्यवस्था का काफी समय से विरोध कर रहे हैं। 2018 में सामने आए कैंब्रिज एनालिटिका विवाद को भी इस संदर्भ में याद किया जा सकता है जिसमें यूजर्स के पर्सनल डेटा की सुरक्षा का सवाल प्रमुखता से उभरा था।

**गैर जिम्मेदारी स्वीकार्य नहीं :** ऐसे और भी मामले हैं जिनसे यह संदेह मजबूत होता है कि फेसबुक जैसे सोशल मीडिया मंचों का इस्तेमाल सिर्फ अधिक से अधिक मुनाफा हासिल करने के मकसद से हो रहा है। समाज को होने वाले नुकसान की तरफ पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा। इस तरह की गैर जिम्मेदारी खतरनाक हो सकती है और इसकी इजाजत नहीं दी जा सकती।

**व्यापक चिंता :** ताजा विवाद को सरकार ने गंभीरता से लिया है, यह अच्छी बात है। लेकिन जरूरी है कि चिंता इसी मामले तक सीमित न रहे। हेट स्पीच और फेक न्यूज के अन्य मामले भी उतने ही गंभीर हैं चाहे वे किसी भी समुदाय और पार्टी के खिलाफ केंद्रित हों। उम्मीद है, सरकार की सख्ती मेटा को ज्यादा जिम्मेदार बनाएगी।

# भीषण आग से अमेरिका ही नहीं, दुनिया सबक ले

> दुनिया को सुरक्षा एवं विकास का आश्वासन देने वाला देश आज खुद अपनी रक्षा नहीं कर पा रहा है। वहां के आधुनिक तकनीक से लेस दमकल विभाग व सुरक्षा बलों की तमाम कोशिशों के बावजूद आग बेकाबू है। लोग असहाय होकर अपनी जीवन भर की पूंजी को स्वाह होते देख रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के चलते तल्ख होते मौसम से हालात और खराब होने की आशंका जतायी जा रही है।

**ललित गर्ग**

अमेरिका के लॉस एंजेलिस में जंगल की बेकाबू आग फेलने, भारी तबाही, महाविनाश और भारी जन-धन की क्षति ने साबित किया है कि दुनिया की नंबर एक महाशक्ति भी कुदरत के रौद्र के सामने बौनी ही साबित हुई है। न केवल अमेरिका के इतिहास में बल्कि दुनिया के इतिहास यह जंगल की आग सबसे भयावह, सर्वाधिक विनाशकारी एवं डरावनी साबित हुई है। आग धीमी होने का नाम नहीं ले रही है। बल्कि और तेजी से बढ़ती जा रही है और इसका कारण 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाएं हैं। ये हवाएं इस आग को और भड़का रही हैं, तबाही का मंजर बन रही है, जिसे रोकना अमेरिका प्रशासन के लिए एक चुनौती बन गया है। अमेरिकी सेना के सी-130 विमान और फायर हेलीकॉप्टर हर संभव कोशिश कर रहे हैं। लेकिन हवा की गति और आग की लपटों की ताकत के आगे दुनिया की सबसे बड़ी ताकत के तमाम प्रयास नाकाफी एवं बेबस साबित हो रहे हैं।

अनियंत्रित विकास, पर्यावरण की घोर उपेक्षा एवं भौतिकतावादी सोच इस आग का बड़ा कारण है। खरबों रुपये की संपत्ति और प्राकृतिक संपदा के नष्ट होने के अलावा करीब दो लाख लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। आलीशान बंगलों, सरकारी संरचना तथा नागरिक सुविधा के साधनों के स्वाह होने के साथ करीब 24 लोगों के मारे जाने की खबर है। करीब दो लाख लोगों को घर-बार छोड़कर जाने के लिये तैयार रहने को कहा गया है। अमेरिका संस्कृतिविहीन देश बनता जा रहा है- यह राष्ट्र भौतिक विकास, पर्यावरण उपेक्षा एवं शस्त्र संस्कृति पर सवार है। वहां के नागरिक अपने पास जितने चाहें, उतने भौतिक संसाधन रख सकते हैं। सुविधावादी जीवनशैली के शिखर एवं तमाम सुरक्षा परिस्थितियों में जीने के बावजूद यह देश आज कितना असहाय एवं बेबस है। विकास की बोली बोलने वाला, विकास की जमीन में खाद एवं पानी देने वाला, दुनिया में आधुनिकता, तकनीक एवं विकास की आंधी लाने वाला अमेरिका जब खुद ऐसी भीषण आग की तबाही का शिकार होने लगा तो उसकी नींद टूटी हैं, उसे अपनी असलियत का पता लगा।

दुनिया को सुरक्षा एवं विकास का आश्वासन देने वाला देश आज खुद अपनी रक्षा नहीं कर पा रहा है। वहां के आधुनिक तकनीक से लेस दमकल विभाग व सुरक्षा बलों की तमाम कोशिशों के बावजूद आग बेकाबू है। लोग असहाय होकर अपनी जीवन भर की पूंजी को स्वाह होते देख रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के चलते तल्ख होते मौसम से हालात और खराब होने की आशंका जतायी जा रही है। आग के बाद का जो मंजर नजर आ रहा है उसे देखकर ऐसा लगता है मानो कोई बम गिराया गया हो। विडंबना यह है कि आपदा में अवसर तलाशने वाले कुछ लोग खाली कराये गए घरों में लूटपाट से भी बाज नहीं आ रहे हैं। हॉलीवुड हिल्स इलाके में करीब साढ़े पांच हजार से अधिक इमारतों के नष्ट होने की खबर है। कई नामी फिल्मी हस्तियों के घर, जैसे बिली क्रिस्टल, मैंडी मूर, जेमी ली कर्टिस और पेरिस हिल्टन शामिल हैं एवं व्यावसायिक इमारतें व सार्वजनिक संस्थान आग की भेंट चढ़े हैं। वहां की आस्थाएं एवं निष्ठाएं इतनी जख्मी हो गयी कि विश्वास जैसा सुरक्षा-कवच मनुष्य-मनुष्य के बीच रहा ही नहीं। साफ चेहरों के भीतर कौन कितना बदसूरत एवं उन्मादी मन समेटे है, कहना कठिन है। अमेरिका की विकास की होड़ एवं तकनीकीकरण की दौड़ पूरी मानव जाति को ऐसे कोने में धकेल रही है, जहां से लौटना मुश्किल हो गया है। ईश्वर की बनायी संरचना में दखल का ही परिणाम है कि प्रकृति इतना रौद्र एवं विध्वंसक रूप धारण किया है।

अमेरिका आज दुनिया में प्रकृति के दोहन, अपराध का सबसे बड़ा अड्डा है और हिंसा की जो संस्कृति उसने दुनिया में फैलाई, आज वह स्वयं उसका शिकार है। अमेरिका के इतिहास में यह जंगल की आग सबसे भयावह साबित हुई है। चिंता की बात यह है कि इलाके में हाल-फिलहाल बारिश होने की संभावना नहीं है, जिससे जंगल की आग जल्दी काबू में आ सकती। एक बड़े इलाके में बिजली आपूर्ति ठप होने व पानी की आपूर्ति में बाधा संकट को और बढ़ा रही है। लोगों की सुरक्षित स्थानों में जाने के लिये अफरा-तफरी से जगह-जगह ट्रैफिक जाम लग रहे हैं। पानी का दबाव कम होने से दमकल कर्मियों को आग बुझाने में परेशानी आ रही है। घोर अव्यवस्था एवं कुप्रशासन फेला है। दरअसल यह आग लॉस एंजेलिस के उत्तरी भाग में लगी, जिसने बाद में कई बड़े शहरों को अपनी चपेट में ले लिया। तेज हवाओं व सूखे मौसम के कारण आग ज्यादा भड़की है। सूखे पेड़-पौधे तेजी से आग की चपेट में आ गए। हालांकि, आग लगने का ठोस कारण अभी तक पता नहीं चला है। हकीकत है कि जंगलों में 95 फीसदी आग इंसानों द्वारा ही लगायी जाती है। वैसे जलवायु परिवर्तन प्रभावों के चलते बदले हालात में अब पूरे साल आग लगने की आशंका बनी रहती है।

अमेरिका दुनिया पर अपना एकछत्र शासन चाहता है। कनाडा, ग्रीनलैंड एवं पनामा को अमेरिका में शामिल करना चाहते हैं। मतलब सीधा सा है जिसकी लाठी उसकी भैंस यानी पावर और पैसे के बल पर खुद को बलवान और सुपरपावर मुल्क समझने वाला अमेरिका एक आग के आगे बेबस नजर आ रहा है। कैलिफोर्निया के दक्षिणी हिस्से में शुरू हुई इस जंगल की आग ने अब लॉस एंजेलिस जैसे बड़े शहर को राख बना दिया है। पैलिसेड्स में 20 हजार एकड़, ईटन में 14 हजार एकड़, कैनेथ में 1000 एकड़, हर्स्ट में 900 एकड़, लिडिआ में 500 एकड़ में आग फैली है। इन इलाके में राख के बारीक कणों व धुएं की चादर के कारण स्थानीय स्वास्थ्य इमरजेंसी घोषित की गई है। लोगों का जीवन इन सभी स्थानों पर दुर्भर हो गया है। लॉस एंजलिस की इस आग ने न केवल जीवन और संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है, बल्कि सूखे और जलवायु परिवर्तन के प्रति गंभीर चेतावनी भी दी है। इससे निपटने के लिए दीर्घकालिक समाधान तलाशना बेहद जरूरी है।

आज अमेरिका विकास की चरम अवस्था पार कर चुका है। यह आशंका सदैव बनी रही है कि अनियंत्रित विकास एवं प्रकृति विनाश के प्रति समय रहते नहीं चेतने की कीमत सृष्टि के विनाश एवं मानवता के धंस से चुकानी होती है, धरती का पर्यावरण नष्ट हो जाता है। धरती पर मंडराते इसी संकट का प्रतीक है यह आग। बात बहुत ही सीधी सी है कि जब तक प्रकृति डराती नहीं विकास की राहें ऐसे ही बेतहाशा एवं अनियंत्रित आगे बढ़ती रहती हैं। किंतु जब प्रकृति मुस्कुराना भूल जाए तो वह विकास, विकास नहीं रहता। वहाँ कृत्रिमता दस्तक देने लगती है, धरती करवट बदलने लगती है, अम्बर चीत्कार कर उठता है तब मनुष्य को समझ लेना चाहिए कि अब विनाश की पदचाप सुनाई देने लगी हैं। अपनी राहें सुरक्षित रखने के वास्ते राहों को मोड़ने पर विचार करना चाहिए। जिद एवं अहंकार में बाजी पलट सकती है, वरना विनाश का दावानल अमेरिका की आग की तरह सब कुछ राख कर देता है। 'मन जो चाहे वही करो' की मानसिकता वहां पनपती है जहां ईश्वर की सत्ता एवं इंसानी रिश्तों के मूल्य समाप्त हो चुके होते हैं, ऐसी स्थिति में शक्तिशाली देश अपनी अनंत शक्तियों को भी बौना बना देता है। यह दकियानूसी ढंग है भीतर की अस्तव्यस्तता को प्रकट करने का। ऐसे देशों एवं लोगों के पास सही जीने का शिष्ट एवं अहिंसक सलीका नहीं होता। वक्त की पहचान नहीं होती। ऐसे लोगों में संतुलित विकास, शांतिपूर्ण सहजीवन, सृष्टि का संतुलन एवं सर्वोच्च ईश्वर सत्ता के प्रति सम्मान आदि का कोई खास ख्याल नहीं रहता। भौतिक सुख-सुविधाएं ही जीवन का अंतिम लक्ष्य बन जाता है। एक राष्ट्र मूल्यहीनता, प्रकृति उपेक्षा एवं अहंकारी सोच में कैसे शक्तिशाली बन सकता है? पक्षी भी एक विशेष मौसम में अपने घोंसले बदल लेते हैं। पर मनुष्य अपनी वृत्तियां नहीं बदलता। वह अपनी वृत्तियां तब बदलने को मजबूर होता है जब दुर्घटना, दुर्दिन या दुर्भाग्य का सामना होता है। अमेरिका की आग पक्षियों के इस संदेश को समझने व समय रहते जागने को कह रही है। इस आग से अमेरिका ही नहीं, समूची दुनिया को सबक लेने की जरूरत है।

वित्तीय वर्ष
2025-26 बजट

# मध्यमवर्गीय परिवारों को देनी होगी राहत

> गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों के लिए केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सहायता योजनाओं का लाभ अब सीधे ही इन परिवारों को पहुंचने लगा है। 80 करोड़ से अधिक नागरिकों को प्रतिमाह मुफ्त अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है। किसानों के खातों में सहायता राशि सीधे ही जमा की जा रही है।

**प्रहलाद सबनानी**

किसी भी देश की अर्थव्यवस्था को गति देने में मध्यमवर्गीय परिवारों की प्रमुख भूमिका रहती है। देश में ही निर्मित होने वाले विभिन्न उत्पादों की मांग इन्हीं परिवारों के माध्यम से निर्मित होती है। गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे परिवार जब मध्यमवर्गीय परिवारों की श्रेणी में शामिल होते हैं तो उन्हें नया स्कूटर, नया फ्रिज, नया एयर कंडिशनर, नया टीवी एवं इसी प्रकार के कई नए पदार्थों (उत्पादों) की आवश्यकता महसूस होती है। साथ ही, नए मकानों की मांग भी मध्यमवर्गीय परिवारों के बीच से ही निर्मित होती है। इसीलिए यह कहा जाता है कि जिस देश में मध्यमवर्गीय परिवारों की संख्या जितनी तेजी से बढ़ती है उस देश का आर्थिक विकास भी उतनी ही तेज गति से आगे बढ़ता है। भारत में भी हाल ही के वर्षों में मध्यमवर्गीय परिवारों की संख्या में भारी वृद्धि दर्ज हुई है। परंतु, मुद्रा स्फीति, कर का बोझ एवं इन परिवारों की आय में वृद्धि दर में आ रही कमी के चलते इन परिवारों की खर्च करने की क्षमता पर विपरीत प्रभाव पड़ा है, जिससे कई कम्पनियों का यह आंकलन सामने आया है कि विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में उपभोग की जाने वाली वस्तुओं की मांग में कमी दृष्टिगोचर हुई है। विशेष रूप से उपभोक्ता वस्तुओं (ऋ२३ टङ्क५ल्लॅ उङ्कल्ल२४ौ१ ऋङ्कङ्कि२ - ऋट्ठउऋ६) के क्षेत्र में उत्पादन करने वाली कम्पनियों का इस संदर्भ में आंकलन बेहद चौंकाने वाला है। साथ ही, वित्तीय वर्ष 2023-24 की द्वितीय तिमाही में इन कम्पनियों द्वारा उत्पादित उपभोक्ता वस्तुओं की बिक्री एवं लाभप्रदता में भी कमी दिखाई दी है।

गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों के लिए केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सहायता योजनाओं का लाभ अब सीधे ही इन परिवारों को पहुंचने लगा है। 80 करोड़ से अधिक नागरिकों को प्रतिमाह मुफ्त अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है। किसानों के खातों में सहायता राशि सीधे ही जमा की जा रही है। विभिन्न राज्यों द्वारा लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहिना योजना आदि माध्यम से महिलाओं के खातों में सीधे ही राशि जमा की जा रही है। इसके साथ ही इन परिवारों के सदस्यों को रोजगार के नए अवसर भी उपलब्ध होने लगे हैं। जिससे इस श्रेणी के परिवारों में से कई परिवार अब मध्यमवर्गीय श्रेणी के परिवारों में शामिल हो रहे हैं।

केंद्रीय श्रम मंत्री ने हाल ही में भारतीय संसद को बताया है कि देश में पिछले 10 वर्षों में रोजगार उपलब्ध नागरिकों की संख्या 36 प्रतिशत बढ़कर वित्तीय वर्ष 2023-24 में 64.33 करोड़ के स्तर पर आ गई है, यह संख्या वर्ष 2014-15 में 47.15 करोड़ के स्तर पर थी। वर्ष 2024 से वर्ष 2014 के बीच, 10 वर्षों में रोजगार में लगभग 7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई थी अर्थात इस दौरान केवल 2.9 करोड़ अतिरिक्त नौकरियां सृजित हो सकीं थी, जबकि वर्ष 2014 से वर्ष 2024 के बीच 17.19 करोड़ अतिरिक्त नौकरियां सृजित हुई हैं, यह लगभग 6 गुना से अधिक की वृद्धि दशार्ता है। पिछले केवल एक वर्ष अर्थात वित्तीय वर्ष 2023-24 के बीच ही देश में लगभग 4.6 करोड़ नौकरियां सृजित हुई हैं। कृषि क्षेत्र में वर्ष 2004 से वर्ष 2014 के बीच रोजगार में 16 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी जबकि वर्ष 2014 से वर्ष 2023 के बीच कृषि के क्षेत्र में रोजगार में 19 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई हैं। इसी प्रकार विनिर्माण के क्षेत्र में भी वर्ष 2004 से वर्ष 2014 के बीच रोजगार में केवल 6 प्रतिशत दर्ज हुई थी जबकि वर्ष 2014 से वर्ष 2023 के बीच विनिर्माण के क्षेत्र में रोजगार में 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। सेवा के क्षेत्र में तो और भी अधिक तेज वृद्धि दर्ज हुई है। वर्ष 2004 से वर्ष 2014 के बीच सेवा के क्षेत्र में रोजगार 25 प्रतिशत की दर से बढ़ा था, जबकि वर्ष 2014 से वर्ष 2023 के बीच इसमें 36 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इस सबका असर बेरोजगारी की दर में कमी के रूप में देखने में आया है। देश में बेरोजगारी की दर वर्ष 2017-18 के 6 प्रतिशत से वर्ष 2023-24 में घटकर 3.2 प्रतिशत रह गई है। इसका सीधा असर कामकाजी आबादी अनुपात पर भी पड़ा है जो वर्ष 2017-18 के 46.8 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 58.2 प्रतिशत पर पहुंच गया है। सबसे अच्छी स्थिति तो संगठित क्षेत्र में कार्य कर रहे नागरिकों की संख्या में वृद्धि से बनी है। क्योंकि संगठित क्षेत्र में कार्य कर रहे युवाओं को नियोक्ताओं द्वारा कई प्रकार की अतिरिक्त सुविधाएं केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा जारी नियमों के अंतर्गत प्रदान की जाती है। संगठित क्षेत्र में शामिल होने वाले युवाओं (18 से 28 वर्ष के बीच की आयु के) की संख्या में सितम्बर 2017 से सितम्बर 2024 के बीच 4.7 करोड़ की वृद्धि दर्ज हुई है, ये युवा कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) से भी जुड़े हैं।

यदि किसी देश में मुद्रा स्फीति की दर लगातार लम्बे समय तक उच्च स्तर पर बनी रहे एवं नागरिकों की आय में वृद्धि दर मुद्रा स्फीति में हो रही वृद्धि दर से कम रहे तो इसका सीधा असर मध्यमवर्गीय परिवार के बचत एवं खर्च करने की क्षमता पर पड़ता है। यदि मध्यमवर्गीय परिवार के खर्च करने की क्षमता कम होगी तो निश्चित ही बाजार में विभिन्न उत्पादों की मांग भी कम होगी इससे विभिन्न कम्पनियों द्वारा उत्पादित वस्तुओं की बिक्री भी कम होगी। यह स्थिति हाल ही के समय में भारत की अर्थव्यवस्था में दृष्टिगोचर है। अतः वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट से यह अपेक्षा की जानी चाहिए कि केंद्र सरकार द्वारा इस प्रकार के प्रयास किए जाएंगे जिससे मुद्रा स्फीति की दर देश में कम बनी रहे एवं मध्यमवर्गीय परिवारों की आय में वृद्धि हो। साथ ही, मध्यमवर्गीय परिवारों की आय पर लगाए जाने वाले आय कर में भी कमी की जानी चाहिए। बैंकों द्वारा प्रदान किए जा रहे ऋणों पर ब्याज दरों में कमी की घोषणा द्वारा भी मध्यमवर्गीय परिवारों को कुछ हद तक राहत पहुंचाई जा सकती है। ऋण पर ब्याज दरों में कमी करने से मध्यमवर्गीय परिवारों द्वारा ऋण खातों में जमा की जाने वाली मासिक किस्त की राशि में कमी होती है और उनकी खर्च करने की क्षमता में कुछ हद तक सुधार होता है। मध्यमवर्गीय परिवारों के हित में यदि उक्त उपाय नहीं किया जाते हैं तो बहुत सम्भव है कि यह मध्यमवर्गीय परिवार एक बार पुनः कहीं गरीबी रेखा के नीचे नहीं खिसक जाय। अतः वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट के माध्यम से मध्यमवर्गीय परिवारों को राहत प्रदान करने का भरपूर प्रयास किया जाना चाहिए।

# अपने मन को कभी गरीब मत होने दीजिए

सबके हित में अपना हित छिपा हुआ है, इस एक मात्र सिद्धांत को पकड़कर आप अपने जीवन में अपार सफलता हासिल कर सकते हैं। अगर आप अन्दर ही अन्दर मन में क्लेश, दुःख, क्रोध, बैर, प्रतिशोध या गरीबी के भाव बनाए रखेंगे, तो समृद्धि, सुख, प्रसन्नता, संतोष, प्रेम आदि आपके पास कैसे आ सकते हैं। एक समय में एक ही तरह का भाव रह सकता है, जब मन के अन्दर दुःख का भाव रहता है, तो सुख कहां से आएगा। इसलिए कहते हैं, मन में जैसा बीज बोएंगे, वैसा फल पाएंगे। मन के भाव अनुसार ही व्यक्ति सेवा आदि कार्य करता है, इसमें अमीरी-गरीबी का लेना-देना नहीं है।



व्यक्ति को शुभ ग्रह दशा अपना पूर्ण फल दे, इस हेतु ऋषि-महर्षि, गुरुजन, व्यक्ति के मन का परीक्षण करने के लिए उनसे दान-पुण्य सेवा-संकल्प कार्य करवाते थे। दान-पुण्य सेवा करने से मन की तरंगें परिवर्तित होकर व्यक्ति का कल्याण करती हैं। अगर मनुष्य सेवा आदि कार्य न करके अथवा अपने मन को परिवर्तित नहीं कर पाता है, तो उसे वही पुराने परिणाम ही मिलते रहते हैं, जो वर्षों से उसे प्राप्त हो रहे हैं। नए परिवर्तन के लिए मन का परिवर्तित होना अत्यंत आवश्यक है। मन में जो आता है, वाणी वही कहती है, वही कर्म किया जाता है, और जो कर्म किए जाते हैं, उसी का फल व्यक्ति को मिलता है।

मनुष्य का सबसे बड़ा दुश्मन उसका स्वार्थ है, स्वार्थ के कारण मनुष्य केवल अपने ही विषय में हर समय सोचता रहता है। मैं, मेरा, मेरा शरीर, मेरा मन, मेरा धन, मेरा घर, मेरा परिवार मेरी दुनिया से आगे, मनुष्य कुछ सोच ही नहीं पाता, जिससे उसकी प्रगति एक स्तर पर जाने के बाद रुक जाती है। बड़े-बुजुर्गों का मानना है कि स्वार्थी सोच मनुष्य को अकेला कर देती है, क्योंकि इस प्रकार की सोच व्यापक दायरे से समेट कर व्यक्ति को मैं की गली में लाकर छोड़ देती है, इसलिए आस-पास की दुनिया उसके विपरीत हो जाती है। वहीं अपनी सोच को व्यापक करने से जब व्यक्ति अन्य लोगों के हित की सोचता व करता है, तब स्वाभाविक प्रतिक्रिया से अनेक बाहरी तत्वों के सहयोग से उसे सफलता मिलने लगती है।

## सेहत

### डायबिटीज का कौन सा लक्षण पेशाब से मिल सकता है?

अक्सर हम डेली लाइफ में कुछ ऐसे साइन को इग्नोर कर देते हैं, जो बाद में जाकर स्थिति को गंभीर कर सकते हैं। उनमें से एक है बार-बार पेशाब आना। वैसे तो ये समस्या कई वजहों से हो सकती है, जैसे कि डिहाइड्रेशन, यूटीआई, प्रोस्टेट ग्लैंड का बढ़ना, शराब का अधिक सेवन, गर्भावस्था, ओवरएक्टिव ब्लेडर आदि। इसके अलावा ज्यादा पेशाब आना डायबिटीज का भी संकेत हो सकता है। जी हां, डायबिटीज का एक लक्षण अधिक बार पेशाब आना भी है। बता दें पेशाब करना शरीर से वेस्ट मटेरियल और अतिरिक्त लिक्विड को बाहर निकालने का तरीका है। पेशाब कम आना और जरुरत से अधिक आना दोनों ही शरीर के लिए परेशान करने वाला है।

यदि आप भी सामान्य से अधिक बार पेशाब कर रहे हैं, तो आपका बार-बार पेशाब आना हाई ब्लड शुगर लेवल का लक्षण हो सकता है, जो कि डायबिटीज का अर्ली सिम्पटम है।

**दुनियाभर में बढ़ रहा खतरा :** डायबिटीज एक गंभीर और लाइलाज बीमारी है, जिसका खतरा दुनियाभर में बढ़ता जा रहा है। लैंसेट में पब्लिश हुई एक रिपोर्ट के अनुसार, साल 2022 तक दुनियाभर में डायबिटीज के मरीजों की संख्या 82.8 करोड़ थी। हल्ड के मुताबिक, भारत में अनुमान है कि 18 वर्ष से अधिक आयु के 77 मिलियन लोग मधुमेह से पीड़ित हैं। वहीं, अमेरिका में भी डायबिटीज के मरीज बढ़े हैं। उऊ्र की राष्ट्रीय मधुमेह सांख्यिकी रिपोर्ट के अनुसार, करीब 37.3 मिलियन अमेरिकी डायबिटीज से पीड़ित हैं।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज ब्रीफ

### जिला आधार निगरानी समिति की आयोजित बैठक संपन्न



**दुमका :** जिले के उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे के निदेर्शानुसार अनुमंडल पदाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को जिला आधार निगरानी समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी कौशल कुमार के द्वारा आधार से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए संबंधित को आवश्यक निर्देश दिया गया। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को स्कूली बच्चों का आधार सीडिंग 100% करने का निर्देश दिया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को सभी महिला पर्यवेक्षकाओं को आधार संबंधी परीक्षा जल्द पास कर ऑन बोर्ड की प्रक्रिया अपनाने का निर्देश दिया ताकि अधिक से अधिक आंगनबाड़ी बच्चों का आधार बनवाया जा सके। उन्होंने जिले में आस्क आधार सेवा केंद्र खोलने हेतु भी यूआईडीएआई के प्रतिनिधि को निर्देश दिया गया। बैठक में यूआईडीएआई के क्षेत्रीय कार्यालय के प्रतिनिधि, जिला परियोजना पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करें : सिविल सर्जन



**साहिबगंज:** सिविल सर्जन डॉ० प्रवीण कुमार संथालिया के द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र उधवा का औचक निरक्षण किया गया! निरक्षण के दौरान सिविल सर्जन महोदय के द्वारा ओपीडी पेशेंट वार्ड, उपस्थिति पंजी, प्रसव कक्ष, चिकित्सक व एएनश एम ड्यूटी रोस्टर एवं अस्पताल में साफ- सफाई आदि को देखे! सिविल सर्जन महोदय के द्वारा उपस्थित चिकित्सक एवं पारामेडिकल कमीर्यों को आवश्यक दिशा -निर्देश देते हुए अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने को कहा गया! मौके पर सभी पारामेडिकल कर्मी मौजूद थे!

### हेल्पिंग हैंड्स संस्था ने किया ग्रामीणों में कंबल वितरण



**साहिबगंज :** हेल्पिंग हैंड्स संस्था ने कोठरी गांव,मदनसही के ग्रामीणों में बढ़ती ठंड को देखते हुए जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया।संस्था पिछले 5 वर्षों से साहिबगंज के ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूप से काम कर रही हैं।संस्था के संयोजकों ने शहरवासियों को सहयोग एवं योगदान हेतु साधुवाद साझा किया।कार्यक्रम के सहयोग ओर वितरण में संस्था के अध्यक्ष अभिदिष्,निर्देशक शुभम तिवारी,सदस्य अमन, विशेष सहायता में कैप्टेन रोहन देव,सदस्य जय कुमार,गणेश तिवारी,साथ ही संस्था के और से सदस्य गौरव,रमन,विजय सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### बिडर शमीम ने अंतिम बोली लगाकर की डाक अपने नाम

साहिबगंजःनगर परिषद सभागार में बुधवार को वित्तीय वर्ष 24-25, 25-26 व 26-27 तक के लिए गोडाबाड़ी साप्ताहिक हाट के लिए डाक हुई।बंदोबस्तीकर्ता नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी सह प्रशासक अभिषेक कुमार की निगरानी में प्रक्रिया पूरी की गई।सैरात की बोली में मो शमीम,आफताब आलम व मो शहबाज आलम ने गोड़ाबाड़ी साप्ताहिक हाट एवं मीट,मछली व मुर्गा बाजार की बोली लगाई। मो शमीम ने 3895151 रुपये की अंतिम बोली लगा डाक अपने नाम कर ली।बंदोबस्ती समिति में अकाउंट ऑफिसर कुमारी पूर्णिमा एनआरईपी ईई देवी लाल हांसदा सिटी मैनेजर बीरेश कुमार शामिल थे।मौके पर मनी प्रकाश सिंह,अताउर रहमान खान,सन्तोष तांती,राकेश पासवान,सुभाष चंद्र सिंह,कनीय अभियंता अभिषेक कुमार, कौशिक कुमार,राजन राज, संजय मरांडी व अन्य मौजूद थे।

### लातेहार में मुर्गी पालन बन रहा ग्रामीणों के लिए वरदान, कृषि विभाग दिखा रहा है तरक्की का रास्ता

**लातेहारः** जिले में मुर्गी पालन की योजना से बड़े पैमाने पर ग्रामीण जुड़ने लगे हैं। कृषि विभाग के द्वारा ग्रामीणों को मुर्गी पालन की बारीकियों की जानकारी देते हुए उन्हें मुर्गी पालन के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

दरअसल लातेहार जिले में मुर्गी पालन का क्रेज नहीं के बराबर था। देसी मुर्गी पालन करने वाले लोगों की संख्या काफी कम थी। फार्म की मुर्गी पालन करने वाले कुछ लोग जरूर थे। परंतु फॉर्म की मुर्गी में ना तो अच्छी कीमत मिल पाती है और ना ही अच्छा मुनाफा हो पाता है। जिले में देसी मुर्गी पालन के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए कृषि विभाग के द्वारा योजना चलाई गई।

विभाग के द्वारा समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना के तहत मनिका के एजामाड गांव स्थित अपने फार्म हाउस में देसी मुर्गी पालन कर आसपास के ग्रामीणों को भी इसके प्रति जागरूक किया गया। विभाग के द्वारा किए गए मुर्गी पालन से अच्छी आमदनी हुई। जिसे देखकर आसपास के ग्रामीणों ने भी देसी नस्ल की मुर्गी पालन की योजना आरंभ की है। स्थानीय ग्रामीण राजकुमार सिंह ने बताया कि कृषि विभाग के द्वारा चलाई गई योजना से सीख लेकर उन्होंने भी मुर्गी पालन किया, जिससे उन्हें पहली बार में ही अच्छी आमदनी हुई है।

इधर इस संबंध में जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश कुमार सिंह ने बताया कि लातेहार जिले में मुर्गी पालन की संभावना काफी अधिक है और इससे काफी अच्छी आमदनी भी हो सकती है। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग के द्वारा चलाए गए समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना के तहत उन्नत क्वालिटी का मुर्गी पालन कर ग्रामीणों को इसके प्रति जागरूक किया जा रहा है।

# नदी किनारे से जेसीबी लगाकर अवैध रूप से मिट्टी उत्खनन का कारोबार चरम पर, जिला प्रशासन मौन

**मेट्रो रेज संवाददाता**



**साहिबगंज/उधवाः** प्रखंड की दियारा क्षेत्रों में नदी किनारे से जेसीबी लगाकर अवैध रूप से मिट्टी उत्खनन का कारोबार चरम पर है। यह कारोबार सरकार के सख्त निदेर्शों का उल्लंघन कर रहा है। और अवैध मिट्टी खनन से राजस्व को लाखों की क्षति हो रही है। प्रखंड के पूर्वी प्राणपुर,पश्चिमी प्राणपुर , द पलाशगाछी पंचायत के नदी किनारे अवैध रूप से मिट्टी का उत्खनन चरम पर है। जिससे गंगा कटाव का खतरा भी उत्पन्न हो गया है।प्रशासन की कार्रवाई के बावजूद भी खनन माफियाओं पर कोई असर नहीं हो रहा है। उनके हौसले इतने बुलंद हैं कि दिन के उजाले में भी मिट्टी काट रहे हैं। मिट्टी को ट्रैक्टर में लोड कर ऊंचे दामों में बेचकर खनन माफिया चांदी काट रहे हैं।प्रशासन के बिना अनुमति के नदी किनारे सरकारी एवं खास जमीन से मिट्टी का उत्खनन जारी है, जिससे गंगा कटाव का खतरा भी उत्पन्न हो गया है।दियारा क्षेत्रों में प्रतिवर्ष बाढ़ के साथ-साथ गंगा कटाव में लगातार जारी है। गंगा कटाव से अब तक सैकड़ों कृषि योग्य भूमि व निवास स्थल कटाव से प्रभावित हो चुके हैं। एक ओर सरकार गंगा कटाव की रोकथाम को लेकर प्रयासरत है।तो वहीं दूसरी ओर खनन माफिया अवैध तरीके से मिट्टी उत्खनन करने से बाज नहीं आ रहे हैं।सुदूरवर्ती इलाका होने के कारण स्थानीय प्रशासन जब वहां पहुंचती है।तब तक इस काम में लगे लोग फरार हो जाते हैं। नाम नहीं छापने के शर्त पर कुछ लोगों ने बताया कि दियारा क्षेत्रों में मिट्टी उत्खनन का खेल लगातार जारी है। प्रशासनिक अधिकारियों के लापरवाही से मिट्टी उत्खनन पर अब तक अंकुश नहीं लग सका है। शिकायत करने के बाद कुछ दिनों तक तो खनन रुक जाता है। पर कुछ दिनों बाद स्थिति जस की तस हो जाती है।प्रशासन के बिना अनुमति के नदी किनारे सरकारी व खास जमीन से अवैध रूप से मिट्टी की उत्खनन कर ऊंचे दामों पर बिक्री किया जाता है। प्रतिदिन ओवरलोड मिट्टी से सड़कें जर्जर हो रही हैं। सड़कों पर धुलकन से राहगीर काफी परेशान है। धूलकन के कारण पर्यावरण दूषित हो रहा है और लोगों के स्वास्थ्य पर भी इसका गहरा असर पड़ रहा है। धुलकन से जनता त्रस्त हो चुके हैं।

क्या कहते है एसडीओ

इस संबंध में राजमहल एसडीओ बिमल सोरेन ने बताया कि दियारा क्षेत्रों में यदि मिट्टी उत्खनन की जा रही है तो जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

## आधार केंद्र में आने वाले नागरिकों से बात कर उनकी समस्याएं सुनीं

**मेट्रो रेज संवाददाता**



**साहिबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती ने सिद्धो-कान्हो सभागार स्थित यूआईडीएआई आधार केंद्र का दौरा कर वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।उन्होंने आधार पंजीकरण और अद्यतन प्रक्रिया का जायजा लेते हुए नागरिकों को सुलभ और समयबद्ध सेवाएं प्रदान करने के निर्देश दिए।सेवाओं की गुणवत्ता पर जोर निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने आधार केंद्र में आने वाले नागरिकों से बात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने पदाधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि आधार पंजीकरण और अद्यतन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की देरी न हो। उपायुक्त ने कहा कि आधार केंद्रों का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को उनकी पहचान से जुड़ी सुविधाएं सहजता से उपलब्ध कराना है। तेजी और पारदर्शिताआधार पंजीकरण और अद्यतन कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। बायोमेट्रिक सत्यापन की प्रक्रिया को सुगम और पारदर्शी बनाने पर जोर दिया।

सुविधाएं बढ़ाने पर जोर

आधाा केंद्र में बैठने, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिए । अधिक नागरिकों की सेवा के लिए अतिरिक्त काउंटर स्थापित करने की कहा गया। डिजिटल रिकॉर्ड प्रबंधन पंजीकरण और अद्यतन प्रक्रिया के लिए डिजिटल रिकॉर्ड रखने और समय-समय पर इसकी समीक्षा करने के निर्देश दिए।

नागरिकों को जागरूक करने का आह्वान

उपायुक्त ने कहा कि आधार पंजीकरण और अद्यतन के प्रति नागरिकों को जागरूक करना जरूरी है। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया जाए।

निरीक्षण के अंत में उपायुक्त ने आधार केंद्र की सेवाओं की सराहना की और सुधार की दिशा में त्वरित कार्रवाई करने पर जोर दिया। उन्होंने आधार केंद्र को प्रभावी और सुलभ बनाने की प्रतिबद्धता जताई।मौके पर जिला पंचायती राज पदाधिकारी अनिल कुमार,पंचायती राज डीपीएम -सह- जिला परियोजना पदाधिकारी यूआईडीएआई संदीप कुमार उपस्थित थे।

## सड़क सुरक्षा को लेकर आयोजित जागरूकता अभियान संपन्न

**मेट्रो रेज संवाददाता**



**दुमका :** सड़क सुरक्षा माह (01 से 31 जनवरी-2025 तक) के तहत सड़क सुरक्षा कोषांग (जिला परिवहन कार्यालय अंतर्गत) दुमका के तत्वावधान में दिन बुधवार को जिला स्कूल, दुमका में स्कूली छात्रों के बीच जागरू कता अभियान चलाया गया। जिला स्कूल के प्राचार्य बबन कुमार की अध्यक्षता में आहूत इस जागरूकता कार्यक्रम में जहां एक सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे, वहीं दूसरी ओर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी इस कार्यक्रम में काफी गंभीरता के साथ भाग लेकर अपनी-अपनी भूमिका निभाई।

सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में नवनियुक्त मोटरयान निरीक्षक अरविंद तिरु, अभय टेटे, सड़क सुरक्षा समिति के सदस्यगण यथा- डॉ0 मनोज कुमार घोष, डॉ0 अमरेन्द्र सुमन, नीलकंठ झा, रमण कुमार वर्मा, प्रदीप्त मुखर्जी, अरुण कुमार सिंह, सड़क सुरक्षा कोषांग के जिला प्रबंधक दीपक कुमार,कर्मी मनोज उरांव अमित कुमार जिला स्कूल के प्राचार्य बबन कुमार, शिक्षक डॉ दिलीप झा ने सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में भाग लिया। प्रशिक्षु मोटरयान निरीक्षकों यथा- अरविंद तिरु व अभय टेटे सहित सड़क सुरक्षा समिति व सड़क सुरक्षा कोषांग के कर्मियों ने बारी-बारी से अपने संबोधनों में दोपहिया वाहन चालकों के लिए जहां एक ओर हेलमेट पहनना, दो से अधिक की सवारी का न होना, वाहन चलाते समय ब्लू टूथ, मोबाइल, इयरफोन के इस्तेमाल को सुरक्षा नियमों के विपरीत बतलाया, वहीं सावधानी से लेकर साइनेश, जेब्रा क्रासिंग व अन्य की अनिवार्य जानकारी दी गई। चार पहिया वाहनों में सीट-बेल्ट से लेकर ड्राइविंग लाइसेंस व अन्य जरूरी बातों की ओर बच्चों का ध्यानाकर्षण किया गया। मंच का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन का कार्य दिलीप झा ने किया।

### सीनियर जिला क्रिकेट लीग कम नॉक आउट टूर्नामेंट

## माही स्पोर्ट्स येलो ने 10 विकेट से जीता मैच

**मेट्रो रेज संवाददाता**



**साहिबगंज :** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे सीनियर क्रिकेट लीग टूनार्मेंट में बुधवार को सीएबी येलो बरहरवा बनाम माही स्पोर्ट्स येलो के बीच मैच खेला गया। सीएबी बरहरवा ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 26.5 ओवर में 115 रन बना कर ऑल आउट हो गई। सादाब हुसैन ने 15, लुकेश राहुल ने 41, मुरली ने 15 रनों की पारी खेली। माही स्पोर्स्ट येलो के गेंदबाज वमीक नईम ने 4, रौनक दूबे ने 3, उमर व राहुल ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी माही स्पोर्ट्स येलो की टीम ने 7.3 ओवर में बिना किसी नुकसान के 119 रन बना कर 10 विकेट से मैच जीत लिया। आदित्य ज्ञान ने नाबाद 66 व अनाउल्लाह अंसारी ने नाबाद 36 रनों की पारी खेली। माही स्पोर्ट्स येलो के खिलाड़ी आदित्य ज्ञान को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। मुख्यातिथि डॉ सुमित ने आदित्य ज्ञान को मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग मो अशफाक आलम व प्रभाकर सिंह उर्फ गुड्डा एवं स्कोरिंग कुमार सुमन सौरभ ने किया। मौके पर जिला क्रिकेट संघ सचिव अंकुर सिन्हा, सतीश सिन्हा, गोपाल सिंह, राकेश कुमार रोशन, मो जुनैद व अन्य मौजूद थे। टूनार्मेंट इंचार्ज मो अशफाक आलम ने बताया कि 16 जनवरी को न्यूबीज बनाम यंग स्टार क्रिकेट क्लब, राजमहल के बीच मैच खेला जाएगा।

### पारा मेडिकल कर्मियों को आवश्यक दिया दिशा निर्देश : सिविल सर्जन

**साहिबगंज/उधवा :** सिविल सर्जन डॉ. प्रवीण कुमार संथालिया ने बुधवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उधवा का औचक निरीक्षण किया।जिसमें उन्होंने अस्पताल की विभिन्न सुविधाओं और सेवाओं का जायजा लिया। इस दौरान, उन्होंने ओपीडी सेवा, पेशेंट वार्ड, उपस्थिति पंजी, प्रसव कक्ष, चिकित्सक व एएनएम ड्यूटी रोस्टर, और अस्पताल में साफ-सफाई की स्थिति का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान, डॉ. संथालिया ने पारा मेडिकल कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि अस्पताल में साफ-सफाई और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए।ताकि मरीजों को सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण में इलाज मिल सके।मौके पर मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों ने डॉ.संथालिया के निदेर्शों का पालन करने का आश्वासन दिया और कहा कि वे अस्पताल में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। इस निरीक्षण से अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार करने और मरीजों को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए एक नई दिशा मिलेगी।

## दुमका शिक्षक हत्याकांडः आरोपी क्लर्क को पुलिस ने भेजा जेल, रिमांड पर लेकर करेगी पूछताछ

**मेट्रो रेज संवाददाता**



**दुमकाः** जिले के मुफस्सिल थाना की पुलिस ने मसलिया के उच्च विद्यालय गोवासोल के प्रधानाध्यापक ब्रेनतियुस हेंब्रम की हत्या में शामिल विद्यालय के ही क्लर्क आनंद झा को तीन दिन तक चली लंबी पूछताछ के बाद सोमवार की देर शाम को जेल भेज दिया।

अब हत्या के कारणों और उसमें कौन-कौन लोगों की संलिप्त था, इसे जानने के लिए उसे रिमांड पर लेने की तैयारी चल रही है। यह जानकारी एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने दी। वहीं उसके साथी सोनू खान को साक्ष्य के अभाव में छोड़ दिया गया है।

क्या है पूरा मामला

शिक्षक ब्रेनतियुस हेंब्रम इस माह की 6 जनवरी की शाम गिधनी गांव स्थित अपने घर से कहीं निकल गए थे। पत्नी पुष्पलता सोरेन ने उसी दिन नगर थाना में रिपोर्ट भी दर्ज कराई। पुलिस ने कड़हरबील के एक जंगल से शव बरामद किया। पत्नी ने विद्यालय के क्लर्क आनंद झा पर हत्या का आरोप लगाया।

पुलिस ने उसी दिन आनंद को जसीडीह से धर दबोचा, तब से लेकर सोमवार की दोपहर तक उससे पूछताछ की गई। शक के आधार पर उसके दोस्त सोनू खान को भी उठाया गया। लंबी पूछताछ के बाद भी आनंद ने अपना गुनाह स्वीकार नहीं किया, लेकिन पुलिस को जो भी साक्ष्य मिला वह आनंद के खिलाफ था। हालांकि सोमवार की देर शाम मिले साक्ष्य के आधार पर आनंद को जेल भेज दिया गया। पुलिस अब उसे रिमांड पर लेकर नए सिरे से पूछताछ करेगी।

एसपी ने दी जानकारी

इस मामले में दुमका एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने आज आयोजित क्राइम मीटिंग के दौरान पत्रकारों से बातचीत में जानकारी दी कि सारे साक्ष्य आनंद के खिलाफ हैं। नामजद होने की वजह से उसे जेल भेज दिया गया है। रिमांड पर लेकर नए सिरे से पूछताछ की जाएगी। संभावना है कि पूछताछ में कुछ नया निकलकर सामने आएगा। इसमें यह पता लगाया जाएगा कि और किन लोगों की इसमें संलिप्तता है।

सड़क हादसों को रोकने के लिए उठाये जाएंगे आवश्यक कदम

बुधवार को पुलिस सभागार में एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने प्रशिक्षु आईपीएस, दो एसडीपी, डीएसपी हेडक्वार्टर सहित जिले के सभी थानों के प्रभारियों के साथ एक बैठक की। इस बैठक में खास तौर पर इस बात पर चर्चा की गई। लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं में कैसे कमी लाई जाए। इस चिंता की वजह यह है कि इस नए वर्ष में एक दर्जन लोगों की जान अलग-अलग सड़क हादसों में जा चुकी है। साथ ही साइबर क्राइम पर अंकुश लगाने की भी रणनीति बनी।

एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने कहा कि सभी पुलिस अधिकारियों को यह निर्देश दिया गया है कि वे सड़क हादसे को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करें। शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले पर सख्ती से निपटें साथ ही यातायात नियमों का पालन करने के लिए लोगों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि जिले में आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाएं और जो पुराने अनसुलझे मामले हैं, उसका निपटारा जल्द से जल्द करें।

# 'जेलर 2' का धमाकेदार ऐलान प्रोमो में दिखा रजनीकांत का स्वैग



**साल** 2023 में आई रजनीकांत फिल्म 'जेलर' बॉक्स ऑफिस पर जबर्दस्त हिट रही थी। रजनीकांत के अभिनय की काफी सराहना भी हुई। कुछ महीने पहले 'जेलर 2' को लेकर चर्चा चल रही थी। आखिरकार 'जेलर 2' का प्रोमो रिलीज कर दिया गया। 4 मिनट के प्रोमो में रजनीकांत का स्वैग और उनका एक्शन अवतार देखा जा सकता है।

रजनीकांत की 'जेलर 2' का प्रोमोप्रोमो में 'जेलर' के डायरेक्टर नेल्सन और म्यूजिक डायरेक्टर अनिरुद्ध नई स्क्रिप्ट पर चर्चा करते नजर आ रहे हैं। अचानक उनके घर पर फायरिंग और तोड़फोड़ होने लगती है। इसके बाद सामने आए रजनीकांत। अभिनेता की आंखों में आग और हाथ में बंदूक है। आखिरकार रजनीकांत घर से बाहर आते हैं। दो कारें उनके सामने की दीवार तोड़ती हैं। जैसे ही रजनीकांत अपना चश्मा उतारते हैं, वैसे ही उन कारों पर ग्रेनेड हमला होता है। तभी रजनीकांत का चेहरा सामने आता है। 4 मिनट के प्रोमो में रजनीकांत प्रभाव छोड़ते हैं। 'जेलर 2' में रजनीकांत मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इसके अलावा उनके साथ जैकी श्रॉफ और साउथ सुपरस्टार मोहनलाल नजर आएंगे। 'जेलर 2' की रिलीज डेट की घोषणा नहीं की गई है लेकिन यह फिल्म इसी साल जल्द ही रिलीज होगी।

# कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' को लगा झटका



**अभिनेत्री** कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' 2024 में जून महीने में रिलीज होने वाली थी लेकिन विवादों में घिर गई। आखिरकार कुछ सीन काटने के बाद सेंसर बोर्ड ने फिल्म को हरी झंडी दे दी। अब एक बार फिर ये फिल्म विवादों में फंस गई है। फिल्म 'इमरजेंसी' बांग्लादेश में प्रदर्शित नहीं किया जाएगा।

बांग्लादेश में 'इमरजेंसी' नहीं दिखाई जाएगी। यह फैसला भारत और बांग्लादेश के बीच मौजूदा तनावपूर्ण संबंधों से जुड़ा है। भारत और बांग्लादेश दोनों के बीच तनावपूर्ण राजनीतिक संबंध हैं। 'इमरजेंसी' बांग्लादेश में बैन होने वाली पहली भारतीय फिल्म नहीं है। इससे पहले बांग्लादेश में 'पुष्पा 2' और 'भूल भूलैया 3' जैसी फिल्मों पर भी प्रतिबंध लगाया गया था। कंगना रनौत, अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े, अशोक छाबड़ा, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन, विशाख नायर और सतीश कौशिक अभिनीत 'इमरजेंसी' 17 जनवरी को रिलीज होगी। फिल्म की सीधी टक्कर अमन देवगन और राशा थडानी की आजाद से होगी। यह फिल्म राशा थडानी की पहली फिल्म है। कंगना की पिछली कुछ फिल्में फ्लॉप रही हैं। तो अब यह देखना दिलचस्प है कि फिल्म 'इमरजेंसी' बॉक्स ऑफिस पर कैसा प्रदर्शन करती है।

इंडिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट 2025

# लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय पहले दौर में हारे



एजेंसी

**नई दिल्ली ।** इंडिया ओपन बैडमिंटन टूनामेंट 2025 का दूसरा दिन भारतीय खिलाड़ियों के लिए निराशाजनक रहा, खासकर पुरुष सिंगल्स में। लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय जैसे अनुभवी खिलाड़ी पहले ही दौर में हारकर बाहर हो गए। हालांकि, महिला सिंगल्स में अनुपमा उपाध्याय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अगले दौर में अपनी जगह बनाई। भारतीय फैंस के लिए बुधवार की शुरूआत निराशाजनक रही जब लक्ष्य सेन ताइवान के चुन यी लिन से 15-21, 10-21 के सीधे गेम में हारकर बाहर हो गए। वहीं, एचएस प्रणय को ताइवान के सू ली यांग ने तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में 16-21, 21-18, 21-12 से हराया।

प्रियांशु राजावत ने भी जुझारू प्रदर्शन किया, लेकिन जापान के कोडाइ नराओका से 16-21, 22-20, 13-21 से हार गए। पुरुष सिंगल्स में भारतीय खिलाड़ियों में से किरण जॉर्ज ही अगले दौर में जगह बनाने में कामयाब रहे। इस बीच, 2 बार के ओलंपिक चैंपियन विक्टर एक्सेलसन ने ताइवान के के ही यू जेन ची को 16-21, 21-11, 21-13 से हराकर टूनामेंट की धमाकेदार शुरूआत की।

महिला सिंगल्स में भारत की 19 वर्षीय अनुपमा उपाध्याय ने हमवतन और अपनी मित्र रक्षिता श्री को 21-17, 21-18 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। अगले मुकाबले में उनका सामना जापान की पूर्व विश्व जूनियर चैंपियन तोमोका मियाजाकी से होगा। अन्य महिला खिलाड़ियों में, मालविका बंसोड को चीन की हान युइ ने 16-21, 11-21 से हराया, जबकि आकर्षि कश्यप थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग से 17-21, 13-21 से हार गईं। ओलंपिक चैंपियन कोरिया की एन से यंग ने अपने अभियान की शुरूआत ताइवान की चियू पिन-चियान को 22-20, 21-15 से हराकर की।

# तीसरे वनडे में टीम इंडिया ने आयरलैंड को 304 रनों से रौंदा, सीरीज पर 3-0 से किया कब्जा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला राष्ट्रीय क्रिकेट टीम बनाम आयरलैंड महिला राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का तीसरा और आखिरी मुकाबले में टीम इंडिया ने आयरलैंड को 304 रनों से हरा दिया. इसके साथ ही टीम इंडिया ने सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप कर दिया हैं. इससे पहले तीसरे वनडे मुकाबले में टीम इंडिया की कप्तान स्मृति मंधाना ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया. टीम इंडिया ने निर्धारित 50 ओवरों में पांच विकेट खोकर 435 रन बनाए.




टीम इंडिया की तरफ से सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल ने सबसे ज्यादा 154 रनों की तूफानी पारी खेली. इस आतिशी पारी के दौरान प्रतिका रावल ने महज 129 गेंदों पर 20 चौका और एक छक्का लगाई. प्रतिका रावल के अलावा कप्तान स्मृति मंधाना ने 80 गेंदों पर 12 चौके और सात छक्कों की मदद से 135 रन बनाई.

दूसरी तरफ, आयरलैंड की टीम को ओर्ला प्रेंडरगैस्ट ने पहली बड़ी कामयाबी दिलाई. आयरलैंड की ओर से ओर्ला प्रेंडरगैस्ट ने सबसे ज्यादा दो विकेट अपने नाम किए. ओर्ला प्रेंडरगैस्ट के अलावा अर्लीन केली, फ्रेया सार्जेंट और जॉर्जीना डेम्पसे को एक-एक विकेट मिले. आयरलैंड की टीम को यह मुकाबला जीतने के लिए 50 ओवर में 436 रन बनाने थे.

लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयरलैंड की टीम का आगाज निराशाजनक रहा और महज 24 रन के स्कोर पर टीम के दो बल्लेबाज पवेलियन लौट गई. आयरलैंड की पूरी टीम महज 31.4 ओवर में 131 रन बनाकर सिमट गई. आयरलैंड की तरफ से सलामी बल्लेबाज सारा फोर्ब्स ने सबसे ज्यादा 41 रनों की पारी खेली. सारा फोर्ब्स के अलावा ओर्ला प्रेंडरगैस्ट ने 36 रन बनाए. वहीं, टीम इंडिया को तितास साधु ने पहली बड़ी सफलता दिलाई. टीम इंडिया की ओर से दीप्ति शर्मा ने सबसे ज्यादा तीन विकेट अपने नाम किए. दीप्ति शर्मा के अलावा तनुजा कंवर ने दो और तितास साधु, मीनू मणि और सयाली सतघरे ने एक-एक विकेट लिए.

# लीजेंड 90 लीग से मैदान पर वापसी के लिए तैयार शिखर धवन, दिल्ली रॉयल्स का करेंगे प्रतिनिधित्व




एजेंसी

**रायपुर ।** भारतीय क्रिकेट के पूर्व स्टार शिखर धवन फरवरी 2025 में होने वाली लीजेंड 90 लीग में वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। धवन, जो इस लीग में दिल्ली रॉयल्स का प्रतिनिधित्व करेंगे, ने टीम के मनोबल को बढ़ाते हुए आगामी सीजन के लिए अपनी तैयारियों पर भरोसा जताया।

धवन ने कहा, 'लीजेंड 90 लीग के इस सीजन में मैं दिल्ली रॉयल्स के लिए खेलूंगा। मैदान पर अपने फॉर्म को दिखाने और हर पल को यादगार बनाने के लिए पूरी तरह से तैयार हूं। इतने समय बाद प्रशंसकों से मिल रहे प्यार के लिए मैं दिल से आभारी हूं।'

### दिल्ली रॉयल्स की नई ताकत

हाल ही में खत्म हुए खिलाड़ियों के ड्राफ्ट में दिल्ली रॉयल्स ने कई दिग्गज और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपनी टीम में शामिल किया। इन खिलाड़ियों में वेस्ट इंडीज के जेरोम टेलर और दिनेश रामदीन, श्रीलंका के दनुष्का गुनाथिलका, और भारत से सुमित नरवाल, परविंदर अवाना, शरद लुंबा, लखविंदर सिंह, तथा राजविंदर सिंह शामिल हैं।

दिग्गज बल्लेबाज रॉस टेलर के साथ इन खिलाड़ियों के आने से टीम का संतुलन और भी मजबूत हुआ है। टीम के मालिक और उत्तर भारत के अग्रणी हॉस्पिटैलिटी ब्रांड मन्नत ग्रुप के चेयरमैन देवेंदर कादयान ने कहा, 'इन नए खिलाड़ियों के शामिल होने से हमारी टीम की गहराई और ताकत में जबरदस्त इजाफा हुआ है। दिग्गज अंतरराष्ट्रीय और घरेलू खिलाड़ियों का यह मेल हर चुनौती के लिए तैयार है।'

### नई जर्सी का अनावरण

टीम के मैनेजमेंट ने इस मौके पर नई जर्सी का अनावरण भी किया। मन्नत ग्रुप के प्रतिनिधि मनदीप मलिक ने कहा, 'हमारी टीम दिल्ली के गौरव और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। धवन और टेलर जैसे खिलाड़ियों के साथ नए खिलाड़ियों का यह समावेश निश्चित रूप से टीम को नई ऊर्जा देगा। हमें पूरा विश्वास है कि दिल्ली रॉयल्स लीग में शानदार प्रदर्शन करेगी।'

### लीग का रोमांचक प्रारूप

लीजेंड 90 लीग, 90 गेंदों का एक तेज-तर्रार फॉर्मेट है, जिसमें कई पूर्व दिग्गज खिलाड़ी एक साथ खेलते नजर आएंगे। यह लीग उनके लिए एक उत्सव है, जो उन्हें अपने सुनहरे दिनों को दोबारा जीने का मौका देती है। पिछले महीने टीम ने अपने लोगो का अनावरण किया था, जो एक ढाल और कवच के प्रतीक के साथ उनकी ताकत, एकजुटता और वीरता को दर्शाता है। दिल्ली रॉयल्स की इस मजबूत टीम के साथ शिखर धवन की वापसी क्रिकेट प्रेमियों के लिए बेहद रोमांचक होगी। लीजेंड 90 लीग का यह सीजन निश्चित तौर पर यादगार बनने वाला है।

# कोपा डेल रे : एफसी बार्सिलोना एटलेटिको मैड्रिड क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी

**मैड्रिड।** एफसी बार्सिलोना ने बुधवार को रियल बेटिस को घरेलू मैदान पर 5-1 से हराकर कोपा डेल रे के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। बार्सा ने रविवार को स्पेनिश सुपरकप में रियल मैड्रिड पर 5-2 की जीत के बाद एक और प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने मैच में लगभग शुरूआत से लेकर आखिर तक नियंत्रण बनाए रखा। गेवी ने तीसरे मिनट में ही पेड्री और डैनी ओल्मो के मूव के बाद बार्सा के लिए पहला गोल करके दिखाया कि वह अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में वापस आ गए हैं, और जूल्स कोंडे ने 27वें मिनट में लैमिन यामल की शानदार सहायता के बाद एक टाइट एंगल से एक शक्तिशाली शॉट के साथ बढ़त को दोगुना कर दिया। दूसरे हाफ के शुरू में यामल का एक गोल ऑफसाइड घोषित कर दिया गया, लेकिन




इससे कोई फर्क नहीं पड़ा क्योंकि इसके तुरंत बाद राफिन्हा और फेरान टोरेस ने बार्सा के लिए तीसरा और चौथा गोल कर दिया। यमल ने बार्सा के लिए 5-0 की बढ़त बनाई, लेकिन उसके कुछ क्षण पहले पाब्लो टोरे ने गोल कर बेटिस का खाता खोला और स्कोर 5-1 हो गया, जो कि निर्णायक साबित हुआ।

एक अन्य मैच में एटलेटिको मैड्रिड ने दूसरे डिवीजन के एल्चे को 4-0 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। वहीं, लेगानेस ने 2-1 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दूसरे डिवीजन के लीडर अल्मेरिया को 3-2 से हराकर टूनामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

पोंटेवेद्रा का कप में साहसिक अभियान घरेलू मैदान पर गेटाफे से 1-0 की हार के साथ समाप्त हो गया, जिसमें अल्वारो रोड्रिगेज ने चौथे स्तर की टीम के खिलाफ दूसरे मिनट में एकमात्र गोल किया।

# पीठ की चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हुए दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज नोर्टजे

**नई दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी से पहले दक्षिण अफ्रीका को बड़ा झटका लगा है, जब तेज गेंदबाज एनरिक नोर्टजे पीठ की चोट के कारण बाहर हो गए। पिछले जून में टी20 विश्व कप के बाद से नोर्टजे ने कोई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला है और उन्हें पाकिस्तान के खिलाफ व्हाइट-बॉल सीरीज के लिए वापसी करनी थी, लेकिन नेट्स में उनके पैर की अंगुली में चोट लग गई। तब से वह अपनी एसए20 फ्रैंचाइजी, प्रिटोरिया कैपिटल्स के लिए बिल्कुल भी नहीं खेले हैं और उन्हें दक्षिण अफ्रीका के मार्की टी20 टूनार्मेंट से भी बाहर कर दिया गया है। दक्षिण अफ्रीका जल्द ही चैंपियंस ट्रॉफी टीम के लिए प्रतिस्थापन की घोषणा करेगा। गेराल्ड कोएट्जी, जो पिछले नवंबर में श्रीलंका के खिलाफ डरबन टेस्ट में कमर में चोट लगने के बाद जोबर्ग सुपर किंग्स के लिए खेल में वापस आए हैं, सबसे संभावित प्रतिस्थापन हैं। दक्षिण अफ्रीका के व्हाइट-बॉल कोच रॉब वाल्टर, जो अपनी टीमों के एकमात्र चयनकर्ता भी हैं, ने क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) के हवाले से बताया कि उनका प्रारंभिक चयन नॉर्टजे और कोएट्जी के बीच सीधा मुकाबला था, और उन्होंने कोएट्जी की तुलना में नॉर्टजे के अनुभव को चुना। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि उन्हें नॉर्टजे के फिट घोषित होने का भरोसा है। उन्होंने कहा, 'वह एक पेशेवर हैं। वह खुद का ख्याल रखते हैं, अपनी कंडीशनिंग का ख्याल रखते हैं। मेरी तरफ से, मुझे उन पर भरोसा है और उम्मीद है कि वह खेलने के लिए तैयार होंगे।'



# मुम्बई सिटी के खिलाफ लीग डबल पूरा करना चाहेगी पंजाब एफसी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पंजाब एफसी गुरुवार शाम यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में मुम्बई सिटी एफसी की मेजबानी करेगी, तो उसका लक्ष्य इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 में घर में हार की हैट्रिक से बचना होगा और आइलैंडर्स पर अपना पहला लीग डबल पूरा करना होगा। वहीं, मुम्बई सिटी एफसी अपने अवे मैचों में अपराजित रहने के सिलसिले को आगे बढ़ाना चाहेगी।

हालांकि, आइलैंडर्स ने अपने पिछले तीन मैचों में से प्रत्येक में एक से ज्यादा गोल खाए हैं, इस दौरान आठ गोल खाए हैं।

वर्तमान में फॉर्म से जूझ रही पंजाब एफसी लीग में अपने पिछले दो घरेलू मैच हार चुकी है। अगर मेजबान टीम गोल नहीं कर पाई, तो वो पहली बार लगातार घरेलू मैचों में गोल से दूर रहेगी। वहीं, मुम्बई सिटी एफसी अपने पिछले पांच अवे मैचों (3 जीत, 2 ड्रा) में अपराजित है। पंजाब एफसी 14 मैचों में छह जीत, एक ड्रा और सात हार से 19 अंक लेकर तालिका में नौवें स्थान पर है। मुम्बई सिटी एफसी 15 मैचों में छह जीत, पांच ड्रा और चार हार से 23 अंक लेकर तालिका में छठे स्थान पर है।



आइलैंडर्स अपने पिछले पांच मैचों में दो बार हारने के बाद अपनी फॉर्म तलाशेंगे। लालियानजुआला छांगटे निलंबन के कारण आगामी मैच नहीं खेलेंगे। पंजाब एफसी के निखिल प्रभु और खैमिंथांग लुंगडिम भी निलंबन के कारण बाहर रहेंगे।

पंजाब एफसी के सुरेश मीतेई ने अपने हवाई मुकाबलों में से 73.1% जीते हैं। उन्होंने अपने पिछले गेम में हाईलैंडर्स के खिलाफ सभी पांच हवाई द्वंद्व जीते। उन्होंने 11 टैकल जीते हैं, 24 इंटरसेप्शन किए हैं, और 71% सटीकता के साथ प्रति मैच औसतन 34 पास दिए हैं।

आइलैंडर्स के 22% गोल कॉर्नर से आए हैं, जो लीग में तीसरा सबसे ज्यादा है। लिहाजा, पंजाब के डिफेंस को संभल कर खेलना होगा।

नवंबर में पंजाब एफसी के खिलाफ 3-0 से हारने वाले आइलैंडर्स अपने पिछले तीन मैचों में से प्रत्येक में 2+ गोल खाए हैं। वहीं, पंजाब एफसी ने अपने पिछले तीन मैचों में केवल दो बार गोल किया है।

आइलैंडर्स ने आईएसएल 2024-25 में 21.6 का अपेक्षित गोल (xG) मूल्य दर्ज किया है, लेकिन वे केवल 18 गोल कर पाए हैं, जिससे उनका अंतर (G-˘) -3.64 दूसरा सबसे कम है।

पंजाब एफसी के सहायक कोच शंकरलाल चक्रवर्ती ने स्वीकार किया कि मैच के कुछ चरणों के दौरान रक्षात्मक कमजोरी उनकी टीम की कमी साबित हुई है। उन्होंने कहा, 'नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के खिलाफ मैच के दौरान हमने कुछ चरणों में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया और इसलिए हम गोल खा रहे थे। हमने हाईलैंडर्स के खिलाफ दूसरे हाफ की शुरूआत बहुत अच्छी की और हम मैच का विश्लेषण करेंगे।' आइलैंडर्स के चेक हेड कोच पीटर क्रेटकी पंजाब एफसी के जवाबी हमलों से सतर्क रहेंगे। उन्होंने कहा, 'पंजाब एफसी अच्छे मौके बनाती है और वो अपने हालिया खराब परिणामों से वापसी करना चाहेगी। वो जानती है कि उसे क्या करना है, क्योंकि उसने रिवर्स फिक्स्चर में हमारे खिलाफ बहुत अच्छे जवाबी हमले किए थे।' बता दें कि आईएसएल में इन दोनों टीमों के बीच तीन मुकाबले हुए हैं। पंजाब एफसी और मुम्बई सिटी एफसी ने क्रमशः एक और दो बार जीत हासिल की है।

# द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री मोदी से मिले सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम

एजेंसी




**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भारत की पहली राजकीय यात्रा पर आए सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम का गुरुवार को राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में औपचारिक स्वागत किया। इस मौके पर थर्मन को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। बाद में राष्ट्रपति थर्मन ने राजघाट पर महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम का गुरुवार को राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में स्वागत किया गया। शनमुगरत्नम ने सलामी गारद का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने विभिन्न प्रतिनिधियों से मुलाकात की। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके मंत्रिमंडल के सदस्य सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम अपनी पत्नी जेन युमिको इट्टोगी के साथ पांच दिवसीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे हैं। इस मौके पर मीडिया से बातचीत में सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम ने कहा कि वर्ष 1965 में सिंगापुर की आजादी के बाद से दोनों देशों के बीच संबंधों में काफी प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि दोनों देश अब एक नए पथ पर अग्रसर हैं और हमारे संबंध व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक पहुंच गए हैं, जिसकी घोषणा पिछले वर्ष सितम्बर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सिंगापुर यात्रा के दौरान की गई थी। उन्होंने कहा कि भारत और सिंगापुर स्वाभाविक साझेदार हैं और दोनों देश स्थिरता और डिजिटल क्षेत्र में पहल की तलाश कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम 14-18 जनवरी तक भारत की राजकीय यात्रा पर हैं। उनके साथ मंत्रियों, सांसदों और अधिकारियों सहित एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आया है। सिंगापुर के राष्ट्रपति के रूप में थर्मन शानमुगरत्नम की यह पहली भारत यात्रा है। अपनी यात्रा के दौरान थर्मन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के साथ चर्चा करेंगे। राष्ट्रपति भवन में थर्मन के सम्मान में एक भोज आयोजित होगा।सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अलावा विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और कई अन्य भारतीय गणमान्य व्यक्तियों से भी मुलाकात करेंगे। राष्ट्रपति थर्मन 17-18 जनवरी को ओडिशा का भी दौरा करेंगे।

# अंतरिक्ष डॉकिंग में सफलता प्राप्त करने वाला दुनिया में चौथा देश बना भारत



**नई दिल्ली :** भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने गुरुवार सुबह इतिहास रचते हुए दो उपग्रहों को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में स्थापित कर दिया। इसके साथ ही दुनिया में अमेरिका, रूस, चीन के बाद भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला चौथा देश बन गया। स्पैडेक्स डॉकिंग की सफलता पर इसरो ने टीम और देशवासियों को बधाई दी है। गुरुवार को इसरो ने ट्वीट करके कहा कि अंतरिक्ष यान डॉकिंग सफलतापूर्वक पूरी हुई। यह एक ऐतिहासिक क्षण है। स्पैडेक्स डॉकिंग प्रक्रिया पर इसरो ने कहा कि डॉकिंग की शुरुआत सटीकता से हुई और 15 मीटर से तीन मीटर होल्ड पॉइंट तक पैंतरेबाजी पूरी हुई। इस पूरी प्रक्रिया को सफलतापूर्वक कैप्चर किया गया। भारत अंतरिक्ष डॉकिंग में सफलता प्राप्त करने वाला चौथा देश बन गया।

**डॉकिंग वह प्रक्रिया है...**

डॉकिंग वह प्रक्रिया है जिसकी मदद से दो अंतरिक्ष ऑब्जेक्ट एक साथ आते और जुड़ते हैं। यह विभिन्न तरीकों का उपयोग करके किया जा सकता है। अंतरिक्ष में ह्यडॉकिंगह्व प्रौद्योगिकी की तब जरूरत होती है जब साझा मिशन उद्देश्यों को हासिल करने के लिए कई रॉकेट प्रक्षेपित करने की जरूरत होती है। वांछित कक्षा में प्रक्षेपित होने के बाद दोनों अंतरिक्ष यान 24 घंटे में करीब 20 किलोमीटर दूर हो जाएंगे। इसके बाद वैज्ञानिक डॉकिंग प्रक्रिया शुरू करेंगे। ऑनबोर्ड प्रोपल्शन का उपयोग करते हुए टारगेट धीरे-धीरे 10-20 किमी का इंटर सैटेलाइट सेपरेशन बनाएगा। इससे दूरी धीरे-धीरे 5 किलोमीटर, 1.5 किलोमीटर, 500 मीटर, 225 मीटर, 15 मीटर और अंत में 3 मीटर तक कम हो जाएगी, जहां डॉकिंग होगी। डॉक हो जाने के बाद मिशन पेलोड संचालन के लिए उन्हें अनडॉक करने से पहले अंतरिक्ष यान के बीच पावर ट्रांसफर का प्रदर्शन करेगा।

**भारत के लिए इसलिए भी है खास**

सफल डॉकिंग प्रयोग भारत में किए जाने वाले कई मिशन के लिए जरूरी है। भारत की योजना 2035 में अपना अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने की है। मिशन की सफलता इसके लिए अहम है। भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन में पांच मॉड्यूल होंगे जिन्हें अंतरिक्ष में एक साथ लाया जाएगा। इनमें पहला मॉड्यूल 2028 में लॉन्च किया जाना है।

# गुजरात के कई जिलों में ठिठुरन बढ़ी अमरेली में तापमान 8 डिग्री पहुंचा

एजेंसी




**अहमदाबाद :** उत्तरायण (मकर संक्रांति) के बाद भी राज्य में ठंडी का जोर कम नहीं हो रहा है। पिछले 24 घंटों में न्यूनतम तापमान 3 से 4 डिग्री नीचे आने से लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं। राज्य में सर्वाधिक कम तापमान आमतौर पर नलिया का रहता है, लेकिन राजकोट के बाद अब अमरेली जिले में सर्वाधिक ठंड पड़ रही है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 4 दिनों तक न्यूनतम तापमान में खास अंतर नहीं आने वाला है।

राज्य पर वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के कारण विभिन्न जिलों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान पर असर पड़ा है। उत्तर, मध्य और दक्षिण गुजरात में पहले तो तापमान 4 डिग्री तक बढ़ा, बाद में पिछले 24 घंटे के दौरान न्यूनतम तापमान में 3 से 4 डिग्री की गिरावट ने राज्य में ठिठुरन बढ़ा दी है। बुधवार को अमरेली राज्य में सबसे ठंडा जिला रहा, यहां न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री पर पहुंच गया है। अमरेली के बाद बीती रात राजकोट का न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री, कच्छ जिले का नलिया 9.6 डिग्री सेल्सियस रहा। अहमदाबाद में 4 डिग्री न्यूनतम तापमान नीचे आया और 12.2 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। वडोदरा का न्यूनतम तापमान 17.2 डिग्री रहा। जबकि सूरत में तापमान 16.3 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार जनवरी के दूसरे सप्ताह में सामान्य तापमान 12.8 डिग्री के आसपास बना रहा और 13 से 14 डिग्री तक गया। इस बार सामान्य तापमान में 2 से 3 डिग्री नीचे आया है। अभी चार दिन तक न्यूनतम तापमान 10 डिग्री के आसपास रहने की उम्मीद है। अधिकतम तापमान के बारे में विभाग की ओर से बताया गया कि यह 28 डिग्री के आसपास रहता है। वहीं हवा की गति 15 से 20 किलोमीटर प्रति घंटे तक रहती है। अभी कुछ दिनों तक यही हालात रहेंगे। अधिकतम तापमान 30 डिग्री के आसपास पहुंचने के बाद ठंडी के असर से लोगों को राहत मिलेगी।

# महाकाल मंदिर भस्म आरती दर्शन के लिए बाहर से आने वाले श्रद्धालु उसी रात दर्शन कर सकेंगे अनुमति कंफर्म होने पर

एजेंसी




**उज्जैन :** यदि आप बाहर से उज्जैन महाकाल मंदिर में भस्मार्ती दर्शन करने आ रहे हैं और अगले दिन पुनः अपने गंतव्य पर जाना है,तो संभव है कि आपको भस्मार्ती दर्शन का पंजीयन उसी रात मिल जाए और आप भस्मार्ती में शामिल हो जाएं। इसके लिए, आपको शाम 7 बजे के पूर्व महाकाल मंदिर पहुंचना होगा। यह जानकारी देते हुए एडीएम सह प्रशासक अनुकूल जैन ने बताया कि मंदिर पहुंचकर आप नंदी द्वार के समीप शाम 7 से 8 बजे के बीच भस्मार्ती पंजीयन आवेदन हेतु कतार में लग जाएं। यदि आप 300 लोग प्रतिदिन पंजीयन की सीमा में हैं,तो आपको आवेदन मिल जाएगा। अब आप अपने आवेदन के साथ आधार कार्ड की फोटोकापी,अपना फोटो आदि संलग्न करके आवश्यक जानकारी भर दें। पश्चात आप अपना भरा हुआ आवेदन खिड़की पर दे दें। आपको उसी रात भस्मार्ती दर्शन की अनुमति मिल जाएगी। आपको पंजीयन आवेदन जमा होने के बाद रात्रि 8 से 12 बजे तक खिड़की से पंजीयन अनुमति पत्र आदि मिल जाएंगे। अर्थात शाम 7 बजे फार्म लेने के बाद आप महाकाल महालोक भी घुम सकते हैं। ताकि आपको भस्मार्ती पश्चात अपने गंतव्य पर निकलना है तो जा सकेंगे। वैसे भी महाकाल महालोक में शाम के समय लाइटिंग के चलते घुमने का अपना आनंद है। यदि कतार लम्बी हुई और आपके आगे कतारबद्ध लोगों को 300 की सीमा में अनुमति हो चुकी है,तो आपको अगले दिन की शाम 7 बजे के पूर्व पुनः कतार में लगना होगा।

# वाराणसी दौरे : मुख्यमंत्री योगी रामनगर पीएसी के नव निर्मित भवन का करेंगे उद्घाटन

- मुख्यमंत्री कुंभ की तैयारियों और कानून व्यवस्था की समीक्षा के बाद श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन करेंगे

एजेंसी



**वाराणसी :** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरूवार अपरान्ह दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी आएंगे। दौरे में मुख्यमंत्री सर्किट हाउस में विकास कार्यों, महाकुंभ की तैयारियों और कानून व्यवस्था की समीक्षा करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री रामनगर पीएसी के नवनिर्मित बिल्डिंग का उद्घाटन भी कर सकते है। इसके बाद वे कालभैरव मंदिर,श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन के साथ महाकुंभ से आए श्रद्धालुओं से संवाद कर सकते है। मुख्यमंत्री देर शाम शहर में भ्रमण कर रोपवे निर्माण कार्य का जायजा भी ले सकते है। इसके बाद सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम कर अगली सुबह समाजसेवियों और जनप्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। इसके बाद वे लखनऊ के लिए रवाना होंगे। उधर,रामनगर में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को देख अफसरों ने वहां तैयारियों को अंतिम रूप दिया। इसके पहले पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने देर शाम पुलिस अफसरों के साथ बैठक कर सुरक्षा तैयारियों को अन्तिम रूप दिया। पुलिस कमिश्नर ने वीआईपी मार्ग पर पड़ने वाली गलियों और कट पर भीड़ नियंत्रण के लिए रस्सों का प्रयोग करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रभारी अधिकारी ड्यूटी प्वाइंट पर पुलिसकर्मियों को ब्रीफ करें। अपने साथ पर्याप्त मात्रा में रस्से, लाउड-हेलर रखें। वीआईपी कार्यक्रम स्थल व भ्रमण मार्ग पर सीसी कैमरों से निगरानी की व्यवस्था हो। सीपी के ब्रीफिंग में संयुक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय व अपराध डॉ. के. एजिलरसन, अपर पुलिस आयुक्त कानून व व्यवस्था डॉ एस चन्नप्पा भी मौजूद रहे।

# महाकुम्भ से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे आरएसएस के कार्यकर्ता

एजेंसी

**महाकुम्भनगर :** प्रयागराज महाकुम्भ में आये श्रद्धालु आध्यात्मिक ज्ञान व संत सेवा के संदेश के साथ-साथ सामाजिक समरसता व पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश लेकर घर जा रहे हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के माध्यम से कुम्भ में आये श्रद्धालुओं को कपड़े का थैला वितरित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे हैं। मेला क्षेत्र में थैला वितरण के ?लिए संघ ने सात टीम बनाई है। प्रत्येक टीम में 10 स्वयंसेवक लगाये गये हैं। यह टीम मेला क्षेत्र में घूम-घूमकर कपड़े का थैला वितरित करती है। अब तक 80 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को कपड़े का थैला बांटा जा चुका है। पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के क्षेत्र संयोजक अजय कुमार ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि प्रदूषण की समस्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। इसी को देखते हुए पर्यावरण गतिविधि की ?र से विश्व के सबसे बड़े आयोजन महाकुंभ को प्लास्टिक मुक्त बनाने का अभियान चलाया गया है। इस अभियान के अंतर्गत प्लास्टिक के थैले की जगह कपड़े का थैला एवं झोला और स्टील की थाली एवं ग्लास का वितरण किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ काशी प्रान्त के प्रान्त प्रचारक रमेश ने भी विहिप के शिविर के सामने कल्पवृक्ष द्वार के पास श्रद्धालुओं को थैला वितरित किया। प्रान्त प्रचारक ने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि हम सभी को मिलकर प्लास्टिक मुक्त समाज बनाना है। अपने घरों में कपड़े के थैले का उपयोग करने की आदत बनानी है।

# सराफा बाजार में तेजी का रुख, सोना और चांदी के बढ़े भाव

एजेंसी



**नई दिल्ली :** एक दिन की मामूली गिरावट के बाद घरेलू सराफा बाजार में आज तेजी का रुख बना हुआ है। आज की तेजी के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 80,220 रुपये से लेकर 80,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 73,550 रुपये से लेकर 73,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी आज 1 हजार रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी आई है। इस तेजी के कारण दिल्ली सराफा बाजार में ये चमकीली धातु आज 93,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 80,220 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 73,550 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 80,070 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 80,120 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 73,450 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 80,070 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 73,400 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 80,070 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 80,220 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 73,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 80,120 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 73,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 80,220 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सराफा बाजार में भी आज सोने के भाव में उछाल आया है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 80,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सराफा बाजारों में 22 कैरेट सोना आज 73,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### अमृतसर में शराब कारोबारी के आवास पर ग्रेनेड हमला, आतंकी संगठन बब्बर खालसा ने ली जिम्मेदारी

**चंडीगढ़ :** पंजाब के अमृतसर जिले के गांव जैंतीपुर में रात को शराब कारोबारी अमनदीप जैंतीपुरिया के घर पर ग्रेनेड हमला हुआ है। इस हमले में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। फिलहाल पंजाब पुलिस कुछ भी कहने से कतरा रही है। आतंकी संगठन बब्बर खालसा ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है।

बताया गया है कि शराब कारोबारी अमनदीप डेरा बाबा नानक से सांसद व पूर्व डिप्टी सीएम सुखजिंदर रंधावा का करीबी है। जैंतीपुर गांव मजीठा हलके में है। ग्रामीणों का कहना है कि मोटरसाइकिल से आए तीन युवकों ने अमनदीप के घर पर ग्रेनेड नुमा कोई वस्तु फेंकी। इससे वहां जोरदार धमाका हुआ। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। पूर्व विधायक और अकाली नेता बिक्रम मजीठिया ने पूरी घटना की जानकारी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की। मजीठिया ने कहा कि इससे पहले मजीठा पुलिस स्टेशन को निशाना बनाया गया और अब जैंतीपुर में बम फेंका गया है। पंजाब का लॉ एंड ऑर्डर ऐसा हो चुका है कि लोग पुलिस के पास आने की जगह फिरौती दे रहे हैं। इन घटनाओं के बाद भगवंत मान को इस्तीफा दे देना चाहिए। इस घटना के कुछ समय बाद बब्बर खालसा इंटरनेशनल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट को वायरल किया। इसमें लिखा गया कि आज में जैंतीपुर में शराब ठेकेदार पप्पू जैंतीपुर के घर पर हुए ग्रेनेड हमले की जिम्मेदारी लेता हूं। इसके पीछे कारण यह है कि कुछ समय पहले हमने उन्हें फोन कर कहा था कि इस बार पंजाब में शराबबंदी करनी है और इसकी शुरूआत माझा से करनी है, हमारी बात को उन्होंने हल्के में लिया और बात को नजरअंदाज कर दिया। अब हम इसे अपने तरीके से समझाएंगे। इन ठेकेदारों द्वारा गुरु घर और स्कूलों के पास कई ठेके खोले गए, लेकिन अब इसकी काफी निंदा हो रही है। दूसरे लोग उनके अधीन काम कर रहे हैं, इस बारे में सोचें। हमने उन्हें पहले मौखिक रूप से बताया था लेकिन उन्होंने कार्रवाई नहीं की, इसके बाद हमने उनके ठेके में आग भी लगा दी है।

### मणिपुर में हथियार और विस्फोटक बरामद

**इंफाल :** भारत-म्यांमार सीमा से सटे मणिपुर के सीमावर्ती इलाकों से भारी संख्या में हथियार और विस्फोटकों की बरामदगी हुई है। सुरक्षा बलों ने मणिपुर के पहाड़ी और घाटी जिलों में सीमावर्ती और संवेदनशील क्षेत्रों में तलाशी अभियान चलाया। अभियान में बिष्णुपुर जिले के नंबोल थाना क्षेत्र के आइजेंगांग और लैमाराम उयोक चिंग के पास से एक 51 मिमी मोर्टार ट्यूब लॉन्चर, एक एसएलआर राइफल (मैगजीन सहित), एक स्नाइपर राइफल, तीन 40 मिमी लैथोड शेल, चार एसएलआर के जिंदा कारतूस, चार 36 एचई ग्रेनेड, एक स्मोक बम तथा अन्य विस्फोटक और उपकरण बरामद किए गए। एक अन्य अभियान में थौबल जिले के नोंगपोक सेक्माई थाना क्षेत्र के सालाम पटोंग गांव से एक 9 मिमी सीएमजी मैगजीन, चार 36 एचई हैंड ग्रेनेड, 27 जिंदा कारतूस, 7.62७39 मिमी खाली खोलः 117, हेलिकन एंटीना, डेटोनेटर, रेडियो सेट और अन्य उपकरण बरामद किए गए। सुरक्षा बलों ने बरामदगी के बाद इन क्षेत्रों में निगरानी तेज कर दी है।

### 31 जनवरी तक तीन नए ईवी चार्जिंग स्टेशन सक्रिय करने के निर्देश

**देहरादून :** जिलाधिकारी सविन बंसल ने देहरादून में ईवी चार्जिंग स्टेशन प्रोजेक्ट को गति देते हुए तीन नए ईवी चार्जिंग स्टेशनों को मौके पर एनओसी जारी की और 31 जनवरी तक इन्हें सक्रिय करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ईवी चार्जिंग स्टेशन न केवल पर्यावरण संरक्षण बल्कि प्रदूषण नियंत्रण में भी सहायक साबित होंगे। गुरुवार को ऋषिपर्णा सभागार में जिलाधिकारी ने पर्यावरण संरक्षण और राजधानी में परिवहन सुधार की दृष्टि से महत्वाकांक्षी ईवी चार्जिंग स्टेशन प्रोजेक्ट की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों और कंपनी को समन्वय बनाकर कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने और प्रभावी मॉनिटरिंग के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने ईवी चार्जिंग स्टेशन का विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार करने और एप की जानकारी प्रसारित करने के साथ ही आपदा कन्ट्रोलरूम व निगम डेशबोर्ड के माध्यम से प्रभावी मॉनिटिरिंग करने को कहा। ईवी चार्जिंग स्टेशन प्रोजेक्ट को दून वासियों की ओर से सराहा जा रहा है। बाहर से यहां घूमने आने वाले पर्यटकों को सुविधा मिल रही है। इसी का नतीजा है कि एनएच पर 04 नए ईवी चार्जिंग हेतु एनओसी मांगी गई है। 03 नए प्रोजेक्ट की डीएम ने मौके पर ही एनओसी देते हुए नगर निगम के अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य नगर आयुक्त नमामि बंसल, उप नगर आयुक्त गोपाल राम बिनवाल, अधि.अभि लोनिवि परमार, सहित संबंधित ईवी कम्पनी के प्रतिनिधि, स्मार्ट सीटी के अधिकारी उपस्थित रहे।

### धर्मशाला नगर निगम में होगा रेहड़ी-फहड़ी और पथ विक्रेताओं का सर्वेक्षण

**धर्मशाला :** धर्मशाला नगर निगम में 16 से 30 जनवरी तक रेहड़ी-फहड़ी और अन्य पथ विक्रेताओं के सर्वेक्षण का कार्य किया जाएगा। यह कार्य नगर निगम के सभी 17 वार्डों में होगा, जिसका जिम्मा धर्मशाला स्मार्ट सिटी लिमिटेड को सौंपा गया है। सर्वेक्षण पूर्ण होने के बाद योग्य पात्र पथ विक्रेताओं को चयनित स्थानों का आबंटन तथा पहचान पत्र प्रदान किया जाएगा। नगर निगम के संयुक्त आयुक्त सुरेंद्र कुमार कटोच ने बताया कि 12 दिसम्बर, 2024 को उनकी अध्यक्षता में हुई स्ट्रीट वेंडर्स सर्वेक्षण कमेटी सदस्यों की बैठक में पुनः सर्वेक्षण कराने को लेकर चर्चा की गई थी। हिमाचल प्रदेश स्ट्रीट वेंडिंग स्कीम 2016 के तहत हर पांच वर्ष में यह सर्वेक्षण करवाना अनिवार्य है।

**ये रहेगा सर्वेक्षण का शेड्यूल**

नगर निगम संयुक्त आयुक्त ने बताया कि सर्वेक्षण का कार्य दिन में तीन शिफ्ट में सुबह 7 से 10 बजे तक, दोपहर बाद 2 से 5 बजे और सायं 6 से 9 बजे तक किया जाएगा। 16 से 18 जनवरी तक वार्ड नंबर 1, 2 और 3 तथा 20 से 22 जनवरी तक वार्ड नंबर 4,5,6,7 व 8 और 23 से 24 जनवरी वार्ड नंबर 9,10,11,12,13,14,15,16 तथा 17 में सर्वेक्षण कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि कोई रेहड़ी-फहड़ी अथवा पथ विक्रेता सर्वेक्षण के दौरान छूट जाता है तो वह 27 व 28 जनवरी को नगर निगम कार्यालय में आवेदन कर सकता है। इसके अतिरिक्त 29 व 30 जनवरी को पुनः सभी वार्डों में छूट गए पथ विक्रेताओं का सर्वेक्षण किया जाएगा। उसके उपरांत कोई भी आवेदन मान्य नहीं होगा।

**पास रखें ये दस्तावेज**

सुरेंद्र कटोच ने रेहड़ी-फहड़ी तथा पथ विक्रेताओं से आग्रह किया कि वे सर्वेक्षण के दौरान राशन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक खाते की फोटो कॉपी, संबंधित वार्ड पार्षद अथवा नगर निगम से प्रमाणित परिवार सूची, हल्का पटवारी अथवा पार्षद या तहसीलदार से आय स्त्रोत रिपोर्ट और एससी, ओबीसी, विधवा, विकलांग, एकल नारी श्रेणी से संबंधित प्रमाण पत्र पास रखें।

## न्यूज ब्रीफ

### जिला स्तरीय समन्वय बैठक की हुई

**गुमला :** गुमला जिला कार्यक्रम प्रबंधक, गुमला और क्षेत्रीय प्रबंधक, गुमला (झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक) के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय समन्वय बैठक आहूत की गई जिसमे जेएसएसपीएस के सभी प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक एवं संबंधित बैंक सखी और झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक से क्षेत्रीय प्रबंधक, उप क्षेत्रीय प्रबंधक, सभी बैंक शाखा प्रबंधक, गुमला की उपस्थिति हुई। क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा वैसे तीन बैंक सखीयों को जिनके द्वारा इस वित्तीय वर्ष में अच्छा कार्य किया गया है उन्हें पुरस्कृत किया गया और शेष सभी बैंक सखी को बेहतर कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया। अंत मे जिला कार्यक्रम प्रबंधक महोदय द्वारा जेएसएसपीएस टीम को तय समय अवधि में कार्य का निष्पादन करने और बैंक सखी का मार्गदर्शन करते हुए बैठक की समाप्ति की गई।

### एसडीओ ने किया अल्ट्रासाउंड केंद्रों का निरीक्षण



कोडरमा। उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देश पर गठित टीम ने झुमरी तिलैया शहर के राजगढ़िया रोड पर संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों की जांच की। एसडीओ रिया सिंह के नेतृत्व में प्रशासनिक और चिकित्सा विभाग की टीम ने अल्ट्रासाउंड केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। टीम ने अल्ट्रासाउंड केंद्रों में जाकर डॉक्टरों और आधारभूत संरचना की स्थिति का मूल्यांकन किया। जांच के दौरान, एक एडवांस अल्ट्रासाउंड केंद्र को मापदंडों के अनुसार संचालित नहीं होने के कारण सील कर दिया गया। इसके अलावा, जॉच के क्रम में दो अल्ट्रासाउंड केन्द्र भी बंद पाए गए।एसडीओ रिया सिंह ने बताया कि जांच की रिपोर्ट उपायुक्त को सौंपी जाएगी और यह जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस टीम में सतगावा और मरकच्चो के थाना प्रभारी, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अंकित गुप्ता, और पुलिस बल शामिल थे।

### समाज सेवी प्रेम कुमार ने किया कंबल का वितरण



बीरु निवासी प्रेम कुमार ने नन्ही परी फाउंडेशन के सहयोग से बीरु के आस पास के जरूरतमंदों को ठंड से बचने के लिए कंबल दिया। प्रेम ने बताया की मुंबई की सस्था नन्ही परी सदेव गरीब जरूरत मंदो की मदद करती है और आगे भी करेगी गाँव के जरूरत मंद लोग कंबल पाकर खुश थे नन्ही परी फाउंडेशन को धन्यवाद दिया, कार्यक्रम मे विकास प्रसाद, जीवन दास दीपिका कुमारी व ग्रमिन मौजूद थे।

### दो नाबालिग के साथ छेड़खानी करने का आरोपी गिरफ्तार

**गुमला :** गुमला सदर थाना क्षेत्र की दो नाबालिक युवती के साथ छेड़खानी का मामला प्रकाश में आया है. घटना 10 जनवरी शाम की है. इस संबंध में पीड़िता के परिजनों ने गुमला सदर थाना में लिखित आवेदन सौंपकर केस दर्ज कराया है. दर्ज केस में कहा है कि मैं अपनी बड़ी दीदी के घर मेहमान गयी थी. जहां से 11 जनवरी की शाम पांच बजे जब अपने घर वापस आयी, तो देखा कि नाबालिक गुमशुम बैठी है और डरी सहमी थी. गुमशुम बैठने के कारण पूछने पर उसने कुछ नहीं बताया. आसपास के पड़ोसियों द्वारा पूछने पर पता चला कि 10 जनवरी को पौने चार बजे एक बाइक नंबर ओआर 14 एल 4040 से टोटो निवासी एस विश्वकर्मा मेरे घर के बगल में बाइक खड़ा करके घुसा था.उसने मेरी नाबालिक बच्चियों से पानी की मांग की थी. पानी पीने के बाद उसने बच्ची का नाम पुछा. उसके बाद अपने पॉकेट से इंची टेप निकाल कर मेरी बच्चियों के छाती तक माप लिया. उसके बाद उनलोगों से अश्लील हरकत करने लगा. जिसके बाद एक बच्ची भाग कर पड़ोस की चाची के घर चली गयी. उसके बाद एस विश्वकर्मा बगल की नाबालिक बच्ची के साथ अश्लील हरकत करने का प्रयास किया. लेकिन बच्ची की तत्परता के कारण वह बच गयी. जिसके बाद पीड़िता के परिजनों द्वारा गुमला थाना में लिखित आवेदन सौंपकर केस दर्ज कराया है. पुलिस ने मामला दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत करते हुयें गुमला जेल भेज दिया हैं ।

### राइट टू वर्क के तहत संबंधित पदाधिकारियों पर लगाएं जुर्माना: उपायुक्त

**बोकारो :** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त विजया जाधव ने जिला समन्वय समिति की बैठक की। बैठक में उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद, डीआरडीए निदेशक मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, एसडीओ चास सुश्री प्रांजल ढ़ांडा, एसडीओ बेरमो मुकेश मछुआ, सभी संबंधित विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी बीडीओ/सीओ/बीपीओ आदि उपस्थित थे। उपायुक्त ने क्रमवार विभिन्न योजनाओं की प्रगति कार्य की समीक्षा की। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण को पूरा करने का निर्देश दिया। समीक्षा क्रम में 152 आंगनबाड़ी केंद्रों में 118 पूर्ण है, जबकि 34 केंद्रों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। उपायुक्त ने आगामी 31 जनवरी 2025 तक सभी अपूर्ण आंगनबाड़ी केंद्रों को पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने केंद्र परिसर में कम से कम 05 फलदार पौधा लगाने* को कहा। इस कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

अबुआ आवास योजना (एएवाई) के प्रगति की समीक्षा क्रम में उपायुक्त ने मनरेगा के तहत निमार्णाधीन अबुआ आवास में स्वीकृति के विरूद्ध मास्टर रोल जनरेट की संख्या कम* होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवास स्वीकृति के अनुरूप मास्टर रोल जेनरेट कर मानव दिवस सृजित करने को कहा। उन्होंने मानव दिवस का सृजन नहीं होने से आवास के लाभुकों का राइट टू वर्क का अधिकार पूरा नहीं होने को लेकर संबंधित पंचायत सचिव, संबंधित प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी एवं संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी पर जुमार्ना लगाकर राशि प्राप्त करने का संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया।

वहीं, समाज कल्याण के तहत संचालित योजनाओं की समीक्षा क्रम में सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में लक्ष्य अनुरूप प्रदर्शन को लेकर *जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डा. सुमन गुप्ता से जानकारी ली। इस दौरान शिक्षा विभाग से अध्ययनरत छात्राओं के आवेदन प्रपत्र में अंतर की जानकारी दी। उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा से 6,371 अंतर के आवेदनों को बैठक कर समाधान करने को कहा। उन्होंने योजना को महत्वकांक्षी बताते हुए शत प्रतिशत छात्राओं को योजना से अच्छादित करने को कहा। इसमें कोई चूक नहीं होनी चाहिए। उपायुक्त ने विद्यालयों झ्र आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषाहार का संचालन विभाग द्वारा निर्धारित मेन्यू के अनुसार करने को कहा।

### कोलेबिरा डैम के समीप शवदाहगृह का विधायक ने किया शिलान्यास , कहा

# जनता के हर मांगों को पूरा करना मेरा दायित्व है

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**कोलेबिरा:** झारखंड विधानसभा चुनाव जीतकर लगातार तीसरी बार विधायक बने नमन विक्सल कोनगाड़ी जनता के विकास कार्य में जुट गए है।इसके तहत गुरुवार को कोलेबिरा प्रखंड के पर्यटक स्थल बूढ़ा महादेव मंदिर कोलेबिरा डैम के समीप में लंबे अरसे से ग्रामीणों की शवदाहगृह की मांग को पूर्ण कराते हुए निर्माण हेतु कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने शिलान्यास किया।इस दौरान शिलापट्ट का अनावरण किया गया।मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस उम्मीद और भरोसा से जनता ने उन्हें विधानसभा चुनाव में पुनः जीताकर विधायक बनाया है,उसे पूरा करने का वह हर संभव प्रयास करेंगे।विधायक ने कहा कि कोलेबिरा की चीर परिचित मांग थी और यह बहुत ही पवित्र कार्य है जो मेरे कर कमलों से हो रहा है इससे मुझे आत्मिक खुशी हो रही है। क्षेत्र का विकास हो और ग्रामीणों की समस्या दूर हो इसके लिए वे हमेशा तत्पर रहेंगे। साथ ही कहा कि विकास कार्य के तहत जो भी योजना उनसे संभव होगी वे अपने मद से करने का कार्य करेंगे। वही जो बड़ी योजना होगी उसे सम्बंधित विभाग



से जिला और राज्य स्तर से पूरा कराने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र में विकास की गंगा बहेगी, जिसे सभी देखेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वे अन्य नेताओं की तरह नही है जो केवल घोषणा कर के भूल जाते हैं। उन्होंने क्षेत्र की जनता के अनुरूप बिकास कार्यों के सफल किर्यान्वयन के साथ ही लोगों के सामाजिक और धार्मिक न्याय के लिए कई नीतिगत फैसलों को लागू करवाया, जिसके फलस्वरूप इतनी प्रचंड जीत छेत्र की जनता के द्वारा दिलवाई गई।मैं समस्त जनता को धन्यवाद भी देता हूँ।

वही उन्होंने कार्य कराने वाले संवेदक व बिभाग के कर्मियों को भी निर्माण कार्य मे गुणवत्ता और बेहतर सामग्री का उपयोग करने की हिदायत दी।

इस अवसर पर कोलेबिरा के ग्रामीणों ने मनोहर प्रसाद के नेतृत्व में कोलेबिरा को अनुमंडल बनाने की मांग विधायक ने रखी इस पर विधायक ने कहा कि अनुमंडल बनाने हेतु कोलेबिरा प्रखंड के अलावे बानो और जलडेगा प्रखंड के लोगों की भी सहमति जरुरी है अनुमंडल बनाने की जो भी प्रक्रिया है वह चल रही है बहुत जल्द एक प्रतिनिधिमंडल माननीय मुख्यमंत्री से इस संबंध में मिलकर अपनी बातों को रखेंगे

समाजसेवी सह कांग्रेस कार्यकर्ता कोलेबिरा रणधीर कुमार साहू* ने जानकारी देते हुए बताया की बूढ़ा महादेव मन्दिर कोलेबिरा डैम झारखण्ड सरकार के द्वारा पर्यटक स्थल के रूप में दर्जा मिला हुआ है।आज कोलेबिरा के लिये यह खुशी की बात है कि कोलेबिरा के माननीय विधायक श्री नमन विक्सल कोंगाडी के द्वारा डैम परिसर में शव दाह गृह निर्माण कार्य का शिलान्यास किया जा रहा है।कोलेबिरा के आम जनता को दाह शव को जलाने में बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता था।कोलेबिरा के जनता के द्वारा बहुत वर्षो से इस निर्माण कार्य की मांग की जा रही थी पर कोई भी जनप्रतिनिधि ने गंभीरता पूर्वक इस मांग पर ध्यान नहीं दिया।विधायक विक्सल कोंगाडी जी को कोलेबिरा की आम जनता के द्वारा बहुत बहुत धन्यवाद और आभार। मौके पर विधायक कोनगाड़ी के साथ जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग,प्रखंड प्रमुख दुतामी हेमरोम, मुखिया कोलेबिरा अंजना लकड़ा,उप मुखिया संजीत कुमार रणधीर कुमार,मनोहर प्रसाद,अनुपम बेक,विधायक प्रतिनिधि सह प्रखंड अध्यक्ष सुलभ नेल्सन डुंगडुंग,विधायक प्रतिनिधि श्यामलाल प्रसाद, कांग्रेस युवा अध्यक्ष अमृत डुंगडुंग,नेशनल वेटलिफ्टिंग खिलाड़ी राहुल कुमार,नितिश कुमार, समर्पण सुरिन,विनोद कुमार डब्ल्यू,मनोहर प्रसाद,जितेंद्र तिवारी,उपेन्द्र प्रसाद,प्रशांत कुमार,रंजित कुमार,नितिश कुमार,कमलेश कुमारअरकम अहमद, सहित कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे।

### ग्रामवासियों की सराहनीय पहल: अफीम की खेती का स्वैच्छिक विनष्टीकरण

**बिनय मिश्रा**

**खूंटी :** जिला प्रशासन खूंटी द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान का सकारात्मक प्रभाव अब स्पष्ट रूप से सामने आ रहा है। मुरहू थाना अंतर्गत ग्राम बुंडू मामाईल और साइको थाना अंतर्गत गुटुहातू गांव में ग्रामीणों ने स्वेच्छा से अफीम की अवैध खेती का विनष्टीकरण करना शुरू कर दिया है।

ग्रामीणों द्वारा की गई इस पहल से यह संदेश गया है कि अब क्षेत्र की जनता अवैध गतिविधियों के विरुद्ध जागरूक और संगठित हो रही है। उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने ग्रामीणों के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि यह क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

उपायुक्त ने ग्रामीणों के इस सहयोग की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य अफीम की अवैध खेती को जड़ से समाप्त कर क्षेत्र में वैकल्पिक एवं लाभकारी खेती को बढ़ावा देना है। इसके लिए कृषि विभाग द्वारा ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं से जोड़ा जा रहा है, जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें। इस अभियान में अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी और प्रशासनिक अधिकारी भी ग्रामीणों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। प्रशासन आगे भी ग्रामीणों के साथ मिलकर अफीम उन्मूलन अभियान को सफल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### युवती के लापता होने पर परिजनों ने सन्हा दर्ज कराया

गुमला : गुमला सदर थाना क्षेत्र के चंडाली निवासी सुमरी मिंज ने गुमला थाना में आवेदन सौंप कर अपने 26 वर्षीय भतीजी सुमंती कुमारी की गुमशुदगी होने का सन्हा दर्ज कराते हुये खोजने की गुहार लगाई है। आवेदन में सुमरी ने कहा कि उसके बड़े भैया सुकरू भगत हिमाचल प्रदेश में रहते है , जिसकी बड़ी बेटी सुमंती कुमारी 13 जनवरी को सुबह 10 बजे किसी को भी बिना कुछ बताये घर से निकल कहीं चली गई हैं । युवती का काफी खोजबीन करने के बावजूद कुछ भी पता नहीं चल पाया। वह दिमागी रूप से मंदबुद्धि है। उन्होंने अपने भतीजी को खोजने की गुहार लगाई है।

## सेमला टोंगरी और बरटोली ग्रामीण क्षेत्रों में भालूओं का आतंक

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गुमला :** गुमला जिला अंतर्गत स्थित चैनपुर थाना क्षेत्र स्थित कातिम पंचायत के सेमला टोंगरी एवं सेमला बरटोली क्षेत्रों में भालूओं का आतंक दिनों दिन बढ़ता जा रहा हैं , फिर भी वनविभाग , जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित लोगों के मूकदर्शक बने रहने से उक्त वन क्षेत्रों एवं आसपास के क्षेत्रों में निवास करने वाले, ग्रामीणों का जिना दुबर हो गया है और उक्त घटनाओं से ग्रामीणों को प्रतिदिन रूबरू होना पड़ रहा है, मंगलवार को लगभग तीन बजे अपराह्न में सेमला ग्राम निवासी 25 वर्षीय रंजीत बेक नामक एक महिला सेमला टोंगरी में जलावन के लिए लकड़ी लाने गई हुई थी, इसी क्रम में एक बड़ा भालू उसपर एकाएक हमला कर दिया और उसके सिर , कान, हांथ सहित उनके शरीर के विभिन्न हिस्सों में नोच कर गंभीर रूप से घायल कर दिया, और उक्त महिला द्वारा जोरदार संघर्ष करते हुयें जोर जोर से हल्ला और चिल्लाने के कारण उक्त भालू उसे छोड़कर जंगल के तरफ भाग गया, बाद मे उक्त घटना की जानकारी मिलते ही उसके परिवार, परिजन और काफी संख्या में ग्रामीण लोग उक्त घटनास्थल पर पहुंचकर अनन फनन में रंजीत बेक को उठाकर इलाज के लिये, चैनपुर उप स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया जहां स्वास्थ्य कर्मियों ने प्राथमिक उपचार के बाद , बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां डॉक्टरों के देखरेख में रंजीत बेक का इलाज चल रहा हैं , उक्त क्षेत्र के मुखिया मधुरा मिंज ने सेमला टोंगरी और बरटोली के जंगलों में ग्रामीणों को जाने के लिए मना किया हैं, तथा उक्त घटना घटने के बावजूद वन विभाग सहित संबंधित लोग देखने भी नहीं पहुंचे हैं, गंभीर रूप से घायल रंजीत बेक के इलाज आदि के लिए वन विभाग से मुआजे की मांग की गई है।

## पंचायत स्तरीय योजनाओं की हुई समीक्षा

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**बानो:** कोलेबिरा प्रखंड के लचरागढ पंचायत भवन सभागार मे पंचायत स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुखिया जीरेन मडंकी ने किया बैठक मे पंचायत के सभी विभाग के पंचायत स्तरीय पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक मे सभी विभागो का समीक्षा किया गया। तथा बेहतर ढंग से समन्वय स्थापित कर कार्य करने को लेकर चर्चा किया गया। बैठक मे फाइलेरिया मुक्त पंचायत, टीवी मुक्त पंचायत, बाल विवाह मुक्त पंचायत बनाने पर चर्चा किया गया। उल्लास कार्यक्रम, जीरो ड्राप आउट बच्चा के बारे विस्तार पुर्लक चर्चा किया गया।इस अवसर पर जिला अंकाक्षी के रीतेश मिश्रा ने विभिन्न योजना के बारे जानकारी दिया।बैठक में मुखिया लचरागढ़ जीरेन मड़की,पंचायत सचिव संजीव



कुमार,रोजगार सेवक करिश्मा बड़ाइक,वार्ड सदस्य एलिस होबो,सोनिया कुमारी,पीरामल फाउंडेशन के रितेश मिश्रा, बीएफटी राजेश गोप,सीएससी संचालक निर्मला देवी, प्रधान अध्यापक विजय कुमार केरकेट्टा, पुरन चंद्र साहू, मनरेगा मेट, सेरोफिना टेटे सहिया, लीली स०स०स० लचरागढ़, पीडीएस डीलर सलोमी सुरिन,संध्या साहू जेएसलपीएस, ललिता देवी, उर्मिला देवी सहिया,सीएचओ अनुषा नेहा किड़ो,रजनी बिलुंग जीएनएम, विक्टोरिया लुगुन सहिया, लक्ष्मी सिंह, मां दुर्गा एस एचजी समुह के संध्या देवी, शीलावती देवी, नंदनी देवी, सोकिया लुगुन, मालती देवी, देवकी देवी,रिलन कंडुलना, कौशल्या देवी,रजिसा जोजो, सेवीका बी डुंगडुंग,ओलिवर डांग के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

### दुकान का ताला तोड़ कर नकद 20 हजार व लैपटॉप की चोरी

**गुमला :** गुमला जिला मुख्यालय और शहर के बीचों बीच स्थित ज्योति संघ स्थित अंकित ट्रेडर्स के दुकान का ताला तोड़ कर गत सोमवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने 20 हजार नकद व लैपटॉप की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। जानकारी के अनुसार संचालक दिनेश अग्रवाल मंगलवार की सुबह जब अपना दुकान खोलने गये तो, देखा कि दुकान का ताला टूटा हुआ है और वहां रखा हुआ नकद 20 हजार एवं लैपटॉप गायब है। जिसके बाद उसने पुलिस को घटना की सूचना दी। इस संबंध में दिनेश अग्रवाल ने बताया कि चोरों के द्वारा दुकान से कैश व लैपटॉप की चोरी किया गया और किसी भी समान की चोरी नहीं हुई है। इस संबंध में उन्होंने पुलिस प्रशासन से चोरों के खिलाफ कार्रवाई व अपने समान व नकद पैसा की बरामदगी का मांग किया है।

### 22 वां इस्पतांचल स्वदेशी मेला भव्य रंगारंग कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**बोकारो :** 10 दिवसीय 22 वां इस्पतांचल स्वदेशी मेला भव्य रंगारंग कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। इसमें बतौर मुख्य अतिथि बोकारो इस्पात संयंत्र के निर्देशक प्रभारी वीरेंद्र कुमार तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अध्यक्षता स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत कोश प्रमुख विष्णु कुमार सिंह ने किया । वहीं संचालन प्रांत संपर्क प्रमुख अजय चौधरी ₹दीपक₹ ने किया। जबकि स्वागत एवं विषय प्रवेश मेला संयोजक ब्रिजेश कुमार सिंह ने किया व धन्यवाद ज्ञापन जिला संयोजक प्रमोद कुमार सिन्हा ने किया।

मुख्य अतिथि बोकारो इस्पात संयंत्र के निर्देश प्रभारी वीरेंद्र कुमार तिवारी ने युवाओं से स्वदेशी के प्रति संवेदन होने की अपील की । उन्होंने खुलकर युवाओं से कहा की हमें पुनः विश्व गुरु बना है तो अपने सोच के साथ अपने जीवन में स्वदेशी को अपनाना होगा। हमारे यहां विश्व की सबसे बड़ी मानव संख्या है। उद्यमियों के लिए सकारात्मक रूप से देखने का नजरिया होनी चाहिए कि यह बहुत बड़ी बाजार है। उन्होंने खुलकर युवाओं से कहा कि वह नौकरी का सपना छोड़ रोजगार देने वाला बनने की सोच को अमल में लाएं । वही मुख्य वक्ता राष्ट्रीय सह संघर्ष वाहिनी प्रमुख बंदे शंकर सिंह ने कहा कि हमारे विचार को वामपंथी हो या दक्षिणपंथी सभी ने सहर्ष स्वीकार किया है। विचारधारा कोई भी हो राष्ट्र की उन्नति के लिए स्वदेशी बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि लोगों को एक परेशानी होती थी कि स्वदेशी वस्तु की पहचान व जानकारी के अभाव में विदेशी वस्तु का इस्तेमाल कर रहे हैं।

## मंत्री योगेन्द्र प्रसाद ने किया मेले का उद्घाटन



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गोमिया :** पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री योगेंद्र प्रसाद गोमिया प्रखंड अंतर्गत देवीपुर में आयोजित खेलाचंडी और पेटरवार प्रखंड अंतर्गत ग्राम बगजोबरा (पतकी) में आयोजित मारांग बुरु, धोरोमगाढ़ पूजा व रामराज्य मेला का फीता काटकर विधिवत उदघाटन किया। मौके पर उन्होंने पूजा अर्चना कर समस्त क्षेत्रवासियों की सुख, शांति और समृद्धि की मंगलकामना की। इस दौरान मंत्री योगेन्द्र प्रसाद का भव्य रूप से स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि जनता के प्यार व सम्मान से अभिभूत हूँ। आपके साथ और समर्थन से बड़ी कोई शक्ति नहीं है। यह पर्व और ऐसे आयोजन हम एक दूसरे को समझने और आपसी रिश्ते को मजबूत करने का अवसर देते हैं। इन आयोजनों में युवाओं की सहभागिता हमारी संस्कृति और सभ्यता के लिए सुखद संदेश है। मौके पर कई जनप्रतिनिधी, झामुमो कार्यकर्ता व काफी संख्या में स्थानीय ग्रामिण मौजुद थे।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह को लेकर नुक्कड़ नाटक

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गुमला :** गुमला जिला के विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत दिनांक 15-01-2025 को थाना चौक गुमला, सिलम में लगने वाले हाट बाजार में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सबको सड़क दुर्घटनाओं को लेकर जागरुक किया गया* जिसमें हाट बाजार के अधिक से अधिक लोगों ने इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।

सड़क सुरक्षा माह 2025 में इस प्रकार आयोजनों से वैसे स्थान जहां भीड़ भाड़ वाले हाट बाजार लगते हैं को चिन्हित कर विभिन्न प्रकार से लोगों में जागरूकता फैलाने का प्रयास किया जा रहा है और सबको हिट एंड रन और गुड समेरियटन पॉलिसी 2020 के बारे में जानकारी दी जा रही है। समाज के बीच के दायरे को कम करने के उद्देश्य से इस प्रकार का आयोजन बहुत जरूरी है । गोल्डन हावर में किसी भी दुर्घटना पीड़ित को बचाने में सोचें नहीं , पुलिस कभी भी आपको



किसी की मदद करने के लिए परेशान नहीं कर सकती है, ऐसा गुड समेरिटन पॉलिसी 2020 के द्वारा आपको हक मिलता है जिससे पुलिस और अस्पताल आपसे अनावश्यक पूछताछ नहीं कर सकती है और किसी भी प्रकार के कानूनी प्रक्रियाओं से आप मुक्त रहेंगे । गुड समेरिटन पॉलिसी 2020 के तहत किसी भी दुर्घटना पीड़ित की मदद करने पर रुपए 2000 से रुपए 5000 तक आपको सम्मानित किया जाता है साथ ही प्रशस्ति पत्र भी दिया जाता है।

हेलमेट हमेशा पहन कर चलेंगे और दूसरों को भी प्रेरित करेंगे तो ही आने वाली दुर्घटना को आप टाल सकते हैं , दुर्घटना में सिर ही वैसा अंग है जिसका इलाज संभव नहीं है , इसलिए अपने सिर को बचाने के लिए जब भी गाड़ी को चलाने या गाड़ी में बैठने का मौका मिले हेलमेट का उपयोग में बहाना ना बनाये । ज्ञात हो सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा 2025 के तहत विभिन्न प्रकार के आयोजनों के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी , मोटर यान निरीक्षक अलावा सड़क सुरक्षा के प्रभाष कुमार, रामानंद महाराज, प्रणय कांशी, और मंटू रवानी मौजूद रहे।